संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

31 अक्टूबर 2025, शुक्रवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 039

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## मलेशिया में भी काम करेगा भारत का यूपीआई पेमेंट सिस्टम

**बेंगलुरू ।** मलेशिया यात्रा करने गए भारतीय बहुत जल्द अब पेमेंट के लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल कर सकते है। रेजरपे की ओर से गुरुवार को यह घोषणा भारत के डिजिटल पेमेंट इनोवेशन को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। रेजरपे ने एक्स पर लिखा, इनोवेशन की कोई सीमा नहीं होती।

## संक्षिप्त खबरें

### जस्टिस सूर्यकांत 24 को लेंगे सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस पद की शपथ

**नई दिल्ली ।** न्यायमूर्ति सूर्यकांत उच्चतम न्यायालय के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगले मुख्य न्यायाधीश के रुप में नियुक्ति पर मुहर लगा दी है। इस आशय की गुरुवार को जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक न्यायमूर्ति सूर्यकांत 24 नवंबर को उच्चतम न्यायालय के अगले मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। इस पद पर उनका कार्यकाल 14 महीने का होगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत हरियाणा से पहले चीफ जस्टिस होंगे।

### महाराष्ट्र : 17 बच्चों को बंधक बनाने वाला ढेर

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के मुंबई के पवई में 17 बच्चों को बंधक बनाने वाले रोहित आर्या की गुरुवार को पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गई। पवई के रा (आरए) स्टूडियो के बाथरूम में जाकर जब पुलिस 17 बच्चों को बचाने का प्रयास कर रही थी, उसी समय रोहित आर्या ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। इसके बाद पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपित रोहित आर्या घायल हो गया। पुलिस ने तत्काल घायल रोहित आर्या को अंधेरी के सेवन हिल अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया।

### चुनाव आयोग ने एआई से बनी सामग्री के दुरुपयोग पर लगाई रोक

**पूर्वी सिंहभूम ।** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन को भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को चुनावी प्रचार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से तैयार की गई सामग्री के अनुचित उपयोग पर सख्ती बरतते हुए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है, ताकि मतदाताओं को गुमराह करने वाली किसी भी भ्रामक या परिवर्तित सामग्री पर रोक लगाई जा सके।

# झारखंड में नगर निकाय चुनाव की तैयारी शुरू

## दिसंबर या जनवरी में हो सकता है मतदान

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड में अब नगर निकाय चुनाव जल्द होने वाले हैं. तीन साल से चुनाव टल रहे थे, लेकिन अब रास्ता साफ हो गया है। राज्य सरकार ने पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 14त्न आरक्षण की मंजूरी दे दी है। इससे चुनाव कराने में जो अड़चन थी, वह खत्म हो गई है।हाईकोर्ट ने चुनाव में देरी पर नाराजगी जताई है और 10 नवंबर को अगली सुनवाई रखी है।उम्मीद है कि उसी दिन चुनाव की तारीखें तय हो जाएंगी।राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष जानकी यादव ने कहा है कि




चुनाव दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच हो जाएंगे। इस बीच राज्य निर्वाचन आयोग मतदाता सूची को अंतिम रूप दे रहा है। रांची, धनबाद, जमशेदपुर जैसे कई शहरों में वार्डवार मतदान केंद्रों की सूची भी जारी की जा चुकी है।राजनीतिक दलों ने भी तैयारी तेज कर दी है। झामुमो-कांग्रेस गठबंधन अपनी स्थिति मजबूत करने में जुटा है। वहीं भाजपा और आजसू भी अपनी रणनीति बना रहे हैं।

बता दें कि राज्य में 48 शहरी निकाय क्षेत्र हैं जहां ओबीसी ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट के बाद पहली बार बीसी-1 और बीसी-2 के लिए सीटें निर्धारित होंगी। पिछड़ा वर्ग आयोग के अनुशंसा पर शहरी निकाय क्षेत्र में अधिकतम आरक्षण 50प्रतिशत होगा जिसमें एससी, एसटी और बीसी-1, बीसी-2 के लिए सीटें निर्धारित होगी. मेयर,वार्ड पार्षद जैसे पदों का आरक्षण चक्रीय होगा।

# बिहार चुनाव : चुनावी रैलियों में आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरु

## जंगलराज वाले शिकारी लोगों को गुमराह करने में लगे हैं : मोदी

**एजेंसी**

**पटना ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को छपरा के हवाई अड्डा मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने भाषण की शुरुआत भोजपुरी में बोलकर की। उन्होंने कहा कि मां गंगा, माँ अंबिका भवानी, बाबा हरिहरनाथ के पवित्र भूमि के हम प्रणाम करत बानी। डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, जयप्रकाश नारायण, भिखारी ठाकुर के धरती पर रउरा सबके अभिनंदन करत बानी। वीर कुंवर सिंह के धरती महान बा। प्रधानमंत्री ने कहा कि बनारसी बोलत-बोलत अब हमारा भोजपुरी में दिक्कत ना होला। काफी समझ में आ गैल बा. उन्होंने अपने भाषण में भोजपुरी के शेक्सपियर



कहे जाने वाले भिखारी ठाकुर को भी याद किया। उन्होंने कहा कि सारण की मिट्टी में जादू है। यह आंदोलन, आस्था व कला की धरती है। भिखारी ठाकुर ने इस मिट्टी की महक पूरे दुनिया में फैलायी। समाज के संघर्ष को अपने गीतों में पिरोया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा की गयी भोजपुरी की सेवा आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करेगी।

## बिहार की बदहाली के लिए जदयू-भाजपा की सरकारें जिम्मेदार : राहुल

**एजेंसी**

**पटना ।** बिहार के युवा दुनियाभर में अपना खून-पसीना बहाकर इंफ्रास्ट्रक्चर बनाते हैं, तो इस ऊर्जा और क्षमता का उपयोग बिहार को बनाने में क्यों नहीं किया जा सकता? बिहार की बदहाल स्थिति के लिए पिछले 20 वर्षों से शासन कर रही जदयू-भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। यह बातें लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को बिहार चुनाव प्रचार के दौरान नालंदा में आयोजित एक विशाल जनसभा में कही। राहुल गांधी ने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम का उल्लेख करते हुए कहा कि 1971 में अमेरिका ने अपनी नौसेना का सातवां बेड़ा भेजा था, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने साफ कह दिया था कि



वह डरती नहीं हैं। उन्होंने नालंदा के ऐतिहासिक महत्व को याद दिलाते हुए कहा कि एक समय नालंदा विश्वविद्यालय में विदेशों से लोग पढ़ने आते थे, लेकिन आज बिहार की पहचान पेपर लीक से जुड़ गई है। पिछले 20 सालों से भाजपा-जदयू ने बिहार के युवाओं से हर अवसर, हर उम्मीद छीन कर उन्हें या तो मजबूर बनाया है या मजदूर।

# एचआइवी संक्रमण की मशीन अब तक अस्पतालों में क्यों उपलब्ध नहीं कराई गई : हाईकोर्ट

## बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाने पर अधिकारियों को लगाई फटकार

**संवाददाता**

**रांची ।** रांची और पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाने के बाद एचआइवी पॉजिटिव होने के मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने गुरुवार को सरकार के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई है। सुनवाई के दौरान स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह, झारखंड एड्स कंट्रोल सोसाइटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, ड्रग कंट्रोलर झारखंड कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे।

उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने ऐसी घटनाओं को बेहद गंभीर बताते हुए सरकार को अविलंब इसे रोकने को लेकर एक्शन लेने को कहा है।

अदालत ने सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों में ब्लड डोनेशन कैंप का ब्यौरा मांगा है। राज्य के अस्पतालों में कितने रक्त की आवश्यकता है और कितना




उपलब्ध हो पा रहा है इसका भी आंकड़ा अदालत ने सरकार से मांगा है। साथ ही झारखंड में नेशनल ब्लड पॉलिसी को और प्रभावी बनाने के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

मामले में खंडपीठ ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि इससे पूर्व भी इस मामले को अदालत देख रही है और सरकार को दिशा निर्देश दे रही है लेकिन इसके बावजूद भी रांची एवं चाईबासा में इन घटनाओं को रोकने के लिए कोई बड़ा एक्शन नहीं लिया गया। अदालत ने कहा कि एचआइवी संक्रमित संक्रमण की एडवांस मशीन न्यूक्लिक एसिड टेस्ट अब तक अस्पतालों में क्यों उपलब्ध नहीं कराई गई है। झारखंड में बिना लाइसेंस के ब्लड बैंक क्यों चल रहे हैं? ब्लड बैंकों के लाइसेंस का रिन्यूअल दो सालों से क्यों लंबित रह रहा है। राज्य के अस्पतालों में पैसे लेकर ब्लड डोनेट का मामला अभी देखने में आता है, इस पर अंकुश क्यों नहीं लगता है। ब्लड बैंकों के माध्यम से ही ब्लड एकत्रित होना चाहिए और न्यूक्लिक एसिड टेस्ट मशीन का सहारा लेकर संक्रमित रक्त की रोकथाम संभव है। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि सरकार की ओर से अस्पतालों में ब्लड डोनेशन के लिए लगातार कैंप लगाए जाते हैं। नेशनल ब्लड पॉलिसी को झारखंड में प्रभावी बनाने के लिए एसओपी बनाया जा रहा है। राज्य के सभी जिलों में न्यूक्लिक एसिड टेस्ट मशीन लगाए जाएंगे ताकि लोगों को सही ब्लड जा चढ़ाया जा सके।

# जामताड़ा : छात्रा से अश्लील मैसेज और संबंध के आरोप में ग्रामीणों ने शिक्षक को बंधक बनाकर जमकर पीटा

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**जामताड़ा।** शिक्षक और पत्रकार की दोहरी पहचान रखने वाले एक व्यक्ति की करतूत ने पूरे इलाके में शिक्षक छात्र के रिश्ते को शर्मसार कर दिया। दक्षिणीडीह निवासी उदय किशोर सिंह, जो उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमजोरा, नारायणपुर अंचल में प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं, पर विद्यालय की एक छात्रा ने शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालने और मोबाइल पर अश्लील संदेश भेजने का गंभीर आरोप लगाया है।

छात्रा ने बताया कि आरोपी शिक्षक के व्यवहार से वह बेहद डर गई थी और बीते 20-25 दिनों से विद्यालय जाना छोड़ दिया था। घरवालों द्वारा कारण पूछे जाने पर उसने रो-रोकर पूरी घटना बताई। इसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों



को सूचना दी और सभी लोग गुरुवार को विद्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने आरोपी शिक्षक को वहीं पकड़ लिया, जमकर पिटाई की और करीब सात घंटे तक विद्यालय में बंधक बनाए रखा।

सूचना मिलने पर नारायणपुर थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुँची और भीड़ के आक्रोश से आरोपी को बचाकर थाना ले आई। समाचार लिखे जाने तक थाना परिसर में ग्रामीणों की भीड़ जुटी हुई थी और छात्रा के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

ग्रामीणों में अब्दुल हसन, महबूब अंसारी, रंजीत तुरी, सपन तुरी, दिलीप तुरी, विनोद तुरी आदि ने बताया कि यह शिक्षक पहले भी दो बार ऐसी हरकत में पकड़ा गया था, लेकिन चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। तीसरी बार फिर ऐसी हरकत करने पर ग्रामीणों का सब्र टूट गया।

पुलिस ने आरोपी शिक्षक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, पूरे क्षेत्र में इस घटना को लेकर आक्रोश और हैरानी का माहौल है। ग्रामीणों ने मांग की है कि आरोपी पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई शिक्षक इस तरह की शर्मनाक हरकत करने की हिम्मत न जुटा सके।

# दुमका : शराबी बेटे ने सौतेली मां की लाठी डंडे से पीटकर कर दी हत्या



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** 50 वर्षीय सौतेली मां को शराबी बेटे ने लाठी डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद वह घटना स्थल पर ही बैठा रहा। उसने भागने की कोशिश भी नहीं की। यह घटना टोंगरा थाना क्षेत्र के तारिणी के सरमलिया टोला में बुधवार को शाम में हुई। पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार भी कर लिया है। आरोप है कि सौतेली मां मोंगली पुजहरनी के साथ पुत्र रसो पुजहर का विवाद हुआ और आवेश में आकर वह मां पर लकड़ी के डंडे से सिर पर प्रहार कर दिया। लकड़ी के डंडे से पीटने पर मां की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में कर दुमका पीजेएमसीएच पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।

## गोपीकांदर : नशे में धुत बेटे ने मां पर चाकू से वारकर किया घायल

**गोपीकांदर (संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के मधुबन आदिवासी टोला में नशे में धुत बेटे ने अपनी ही मां पर चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. घायल महिला मुन्नी सोरेन मूसना पंचायत के दीघा गांव में अपनी बेटी के ससुराल आयी थीं. जानकारी के अनुसार, दूसरे दिन बेटा भी अपनी मां से मिलने दीघा गांव पहुंच गया. उस समय वह अधिक नशे में था. घर लौटने के लिए मां से 500 रुपये की मांग कर रहा था. पैसे नहीं देने पर आरोपी बेटे ने गुस्से में आकर मां के पेट में चाकू से वार कर दिया. वार इतना तेज था कि मुन्नी सोरेन लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ीं. घटना की जानकारी मिलते ही बेटी सुमित्रा सोरेन ने तत्काल प्राइवेट वाहन की व्यवस्था कर घायल मां को गोपीकांदर सीएचसी पहुंचाया. वहां मौजूद चिकित्सक डॉ रवि शंकर ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दुमका के पीजेएमसीएच रेफर कर दिया. सुमित्रा सोरेन ने बताया कि पहले मां का इलाज कराया जा रहा है. स्वस्थ होने के बाद लिखित शिकायत थाने में दी जायेगी.

# सड़क दुर्घटना में चार की मौत, 15 घायल

**संवाददाता**

**रांची ।** रांची जिले के बुंडू थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक सवारी वाहन के पलटने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य यात्री घायल हो गए। यह वाहन तमाड़ से बुंडू के ताउ मैदान में आयोजित आदिवासी जन आक्रोश रैली में शामिल होने के लिए लोगों को लेकर आ रहा था। बुंडू के गोसाईडीह के समीप वाहन का टायर फट गया और वाहन पलट गया।

पुलिस के अनुसार, इस घटना में चार लोगों की मौत हो गयी। जबकि 15 लोग घायल हो गये। हादसे के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। दुर्घटनास्थल पर स्थानीय लोग तुरंत पहुंचे और राहत तथा बचाव कार्य शुरू किया। लोगों ने पलटी हुई सवारी वाहन के नीचे फंसे हुए घायलों को निकालने में मदद की और उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते



ही पुलिस और प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायलों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

डीएसपी बुंडू ओम प्रकाश ने बताया कि सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गयी। जबकि 15 लोग घायल है, सभी को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स भेज दिया गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही कांके विधायक सुरेश बैठा और केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की रिम्स पहुंचे और घायलों से मुलाकात की।

# विमेंस वनडे वर्ल्ड कप : भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में जगह बनाई

**एजेंसी**

**मुबई ।** भारत ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गुरुवार को 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया। डीवाई पाटिल स्टेडियम में 339 रन का टारगेट भारतीय टीम 48.3 ओवर में 5 विकेट पर चेज कर लिया। जेमिमा रॉड्रिग्ज 127 और अमनजोत कौर 15 रन बनाकर नाबाद लौटीं। इसी के साथ भारतीय टीम ने तीसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। 2 नवंबर को उसका सामना साउथ अफ्रीका से होगा।

भारतीय टीम ने 59 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। यहां से जेमिमा रॉड्रिग्ज ने मोर्चा संभाला और टीम को जीत दिलाई। वे 134 बॉल पर 127 रन बनाकर नाबाद लौटीं। जेमिमा ने 14 चौके लगाए। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर (89 रन) के साथ 167, दीप्ति शर्मा (24 रन) के साथ 38, ऋचा घोष (26



रन) के साथ 46 और अमनजोत कौर (नाबाद 15 रन) के साथ नाबाद 31 रन की अहम साझेदारियां कीं। किम गार्थ को 2 विकेट मिले।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से फीबी लिचफील्ड ने 119, एलिस पेरी ने 77 और एश्ले गार्डनर ने 63 रन बनाए। भारत के लिए स्पिनर श्री चरणी और दीप्ति शर्मा ने 2-2 विकेट झटके। क्रांति गौड़, अमनजोत कौर और राधा यादव को 1-1 विकेट मिला। 3 बैटर्स रन आउट भी हुईं।

# तूफान मोंथा के कारण झारखंड में बारिश से गिरा तापमान, बढ़ी ठंड

**संवाददाता**

**रांची ।** चक्रवाती तूफान मोंथा के कारण रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों में बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। इससे ठंड बढ़ गई है। मोंथा के प्रभाव के कारण शुक्रवार तक राज्य के विभिन्न जिलों में बारिश होने की आशंका है। यह जानकारी मौसम विभाग ने गुरुवार को दी।

विभाग के अनुसार राज्य के जिन विभिन्न इलाकों में बारिश रिकॉर्ड की गई है उनमें रांची में 21 मिमी, खूंटी में 48 मिमी, बहरागोरा 42.4, गुडाबांधा में 33.4, जमशेदपुर में 32.6, पुटकी में 31.2, अड़की में 25, नामकुम में 25 मिमी, हरिहरगंज में 24, खरसावां में 22.8, नीमडीह में 22.4 और धालभूमगढ़ में 21.4 मिमी शामिल है।

पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड में सबसे अधिक तापमान देवघर में



33.5 डिग्री और लातेहार में 19.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में बारिश होती रही। बारिश होने से तापमान में कमी दर्ज की गई और ठंड महसूस की गई। रांची में अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री, जमशेदपुर में 32.1, डालटेनगंज में 30.6, बोकारो में 31.1 डिग्री और चाईबासा में 30.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं,मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार चक्रवाती तूफान की वजह से एक नवंबर तक झारखंड के कई जिलों में भारी बारिश होगी।

# बिहार चुनाव : राहुल गांधी मोदी मोदी कर रहे

**प्रियरंजन भारती**

**पटना ।** राहुल गांधी बड़ी बातें बोलते हैं। मगर बोलकर गायब हो जाते हैं। बिहार चुनाव से पहले वोट चोर -गद्दी छोड़, पिछड़ों के विकास जैसी खूब बातें बोलीं। खूब हवा बनाई। फिर सब छोड़ छाड़कर कोलंबिया की सैर पर निकल लिए। प्रचार के लिए पहली बार आए तो मोदी मोदी करने लगे।वहीं पुराना राग-ट्रंप के आगे मोदी ने सरेंडर कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर रोक दिया। मोदी ने छठ का अपमान कर दिया। यमुना की सफाई नहीं की। मोदी वोट के लिए कहिएगा तो नाचेंगे। बिहार के लोगों के रोजगार के लिए मोबाइल फैक्ट्री लगाओ।मोदी ऐसा, मोदी वैसा....

अरे ,साहब जी !सहिए न बीजेपी वाला लोग बोलता है कि राहुल गांधी मोदी और बीजेपी के स्टार प्रचारक हैं। मोदी को अपने बारे में प्रचार की जरूरत नहीं पड़ती, राहुल जी ही मोदी

## चुनावी चटखारे

मोदी बोलकर इतना शोर मचा देते हैं कि पब्लिक मोदीमय हो जाती है। न्यूटन का सिद्धांत पढ़ें ही होंगे कि क्रिया के विपरीत प्रतिक्रिया होती है।सो मोदी पर इतना भौंकिएगा तब रिएक्शन सोफे करेगा। वैसे भी राहुल जी को कांग्रेस की सरकारों,दादी ,अब्बू और नाना जैसे पूर्व प्रधानमंत्रियों की उपलब्धियां गिनाते रहना चाहिए।वोट चोरी, पिछड़ों, अतिपिछड़ों और विकास की बातें करनी चाहिए।मगर चुनाव प्रचार में मोदी मोदी चिल्ला रहे हैं। तब बीजेपी वाला सब इनको मोदी का स्टार प्रचारक बोलता है तो सहिए न बोलता है?अपनी करनी से!

---

### अमित शाह बोले कि झलक दिखला गया .............

अमित शाह प्रचार में बोलते चल रहे हैं कि सरकार बनाने के लिए नहीं जंगल राज रोकने के लिए चुनाव हो रहे हैं।टिकारी में हम विधायक का मार के साथ गोड़ हाथ यादव सब तोड़िए दिया।आज मोकामा में अनंत सिंह के खिलाफ प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज से लड़ रहे पीयूष प्रियदर्शी के चाचा और कुख्यात आरजेडी नेता दुलारचंद यादव को गोली से छलनी कर मार डाला।आरोप अनंत सिंह पर लगे तब ऊ बोल सूरजभान सिंह सब करवाया है। दोनों दबंग नेता भूमिहार जाति के हैं।अनंत सिंह मोकामा से जदयू उम्मीदवार हैं सूरजभान सिंह की पत्नी वीणा देवी नवादा के वारिसलीगंज से आरजेडी से लड़ रही हैं।

माने कहे के ई है कि गृहमंत्री जी, जंगल राज आवेगा कि नहीं बाकी चुनाव से पहिले ट्रेलर तो देखाइए न दिहिस?डर है कि चुनाव पहिले के बिहार के हिंसक दौर में न झोंका जाए!

### मोदी के बराबर योगी?

मोदी जी के बाद योगी जी का डिमांड है। बिहार चुनाव में मोदी जी स्टार प्रचारक हैं।हर चुनाव में रहते हैं। प्रदेश,देश, विदेश हर जगह।मगर बिहार में मोदी जी के बराबर योगी जी का भी डिमांड है।ऐसा डिमांड कि योगी जी आ गए तो जीत पक्की। प्रधानमंत्री मोदी जी के बाद दूसरे नेताओं की चुनावी सभा करवाने की डिमांड से ज्यादा यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मीटिंगों की बड़ी मांग है। उम्मीदवारों को पार्टी से घिघियाना पड़ रहा है।काहे? योगी जी आके बोल दिए तब हिंदू सब जात के वोट एकतरफा।बुलडोजर बाबा राम जी के अवतारे हैं का?

# रेल मंत्री ने देशभर में 76 यात्री आवास विकसित करने की योजना को मंजूरी दी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश भर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 76 यात्री आवास क्षेत्र (होल्डिंग एरिया) विकसित करने की योजना को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्री आवास क्षेत्र की सफलता के बाद लिया गया है। देशभर में नियोजित यात्री आवास क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी और इनका स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार निर्माण किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिया है कि सभी यात्री आवास क्षेत्र 2026 के त्यौहारी सीज़न से पहले ही पूरे हो जाने चाहिए। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन ने दिवाली और छठ के दौरान यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को अपने नए विकसित यात्री आवास क्षेत्र की मदद से प्रबंधित किया। इसे चार महीने की के भीतर तैयार किया गया। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा केंद्र (स्थायी होल्डिंग एरिया) को किसी भी



समय लगभग 7,000 यात्रियों को समायोजित करने के लिए डिज़ाइन किया है, इसमें प्री-बोर्डिंग सुविधा और यात्री आने में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यात्रियों की आवाजाही को सुव्यवस्थित करने के लिए इस सुविधा को रणनीतिक रूप से तीन क्षेत्रों - टिकटिंग, पोस्ट-टिकटिंग और प्री-टिकटिंग-में बांटा गया है। नई दिल्ली स्टेशन का होल्डिंग एरिया 7,000 से अधिक यात्रियों को समायोजित कर सकता है और यहां पुरुषों और महिलाओं के लिए 150-150 शौचालय, टिकट काउंटर, स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनें और मुफ्त शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध है।

## घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में अब तक 2.91 करोड़ रुपये जब्त

**जमशेदपुर ।** जिले के घाटशिला विधानसभा उपचुनाव-2025 के दौरान चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन व्यापक स्तर पर कार्रवाई कर रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिले भर में सघन निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।अंतरराज्यीय सीमाओं, चेकपोस्टों और थाना क्षेत्रों में वाहनों की लगातार जांच की जा रही है। अब तक निगरानी दल बड़ी मात्रा में नकदी, शराब, मादक पदार्थ और अन्य सामान जब्त की है। गुरुवार तक की कार्रवाई में कुल दो करोड़ 91 लाख 21 हजार रुपये मूल्य की सामग्रियां जब्त की गई हैं। इसमें 42 लाख 71 हजार रुपये नकद, 12,837 लीटर शराब (बाजार मूल्य ?10 लाख 11 हजार), 5 लाख 10 हजार मूल्य के ड्रग्स और मादक पदार्थ और 2 करोड़ 33 लाख 38 हजार रुपये मूल्य की फ्रीबीज या अन्य सामग्रियां शामिल हैं।इन कार्रवाइयों में फ्लाइंग स्क्वॉड टीम (एफएसटी), स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी), आबकारी विभाग, पुलिस विभाग और जिला स्तरीय व्यय निगरानी दल की संयुक्त भूमिका रही है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी अवैध गतिविधि, धन या वस्तु वितरण की जानकारी तुरंत सी-विजिल एप के माध्यम से साझा करें।

## खाटूधाम के लिए चार नवंबर को भक्तों का जत्था होगा रवाना

**रांची।** केशव कृपा छाया फाउंडेशन के तत्वावधान में आगामी चार नवंबर को भक्तों का एक जत्था खाटू श्याम धाम की पवित्र यात्रा पर रवाना होगा। यह यात्रा भक्ति, श्रद्धा और समर्पण के भाव के साथ नौ नवंबर तक चलेगी। यह जानकारी फाउंडेशन की सदस्य मीरा अग्रवाल ने गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान भक्त सालासर, झुंझुनू, चुलकाना धाम और गुन्नौर गुप्ति धाम के भी दर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य भक्तों को अनुशासन, एकता और प्रेम के साथ धार्मिक यात्रा का दिव्य अनुभव कराना है। मीरा अग्रवाल ने कहा कि हमारी प्रार्थना है कि श्याम बाबा अपनी अनंत कृपा सभी पर बरसाएं और यह यात्रा सभी श्रद्धालुओं के जीवन में शांति, प्रेम और समर्पण का संदेश लेकर आए। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन भविष्य में भी श्रद्धालुओं के लिए ऐसे आध्यात्मिक यात्रा कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

## जिला प्रशासन ने शुरू की नगर निकाय चुनाव की तैयारी

संताल एक्सप्रेस

**धनबाद ।**नगर निकाय चुनाव की तैयारी जिला प्रशासन ने शुरू कर दी है। धनबाद नगर निगम और चिरकुंडा नगर पर्षद का चुनाव होना है। चुनाव की तैयारियों की के लिए डीसी आदित्य रंजन ने समीक्षा बैठक की। चुनाव से जुड़े विभागों को तैयारियों का निर्देश दिया। धनबाद जिला के नगर निगम क्षेत्र के 55 वार्ड तथा नगर परिषद चिरकुंडा के 21 वार्डों में चुनाव में होना है। बैठक में एसएसपी प्रभात कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी समेत संबंधित अंचलाधिकारी के साथ चर्चा की। चुनाव कोषांग गठन, मतदान केंद्रों की सूची, वोटर लिस्ट, बज्रगृह, ईवीएम डिस्पैच सेंटर, ईवीएम रिसीविंग सेंटर, संवेदनशील बूथ का सत्यापन, मतगणना कक्ष आदि की समीक्षा की गई। डीसी ने कहा कि चुनाव को बेहतर तथा निष्पक्ष रूप से कराने के लिए जिला प्रशासन को हर संभव तैयारी कर लेनी है। तैयारी में किसी भी प्रकार की चूक नही होनी चाहिए।

उन्होंने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को ईवीएम डिस्पैच सेंटर, ईवीएम रिसीविंग सेंटर, काउंटिंग सेंटर स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को कहा। सभी अंचलाधिकारी को संवेदनशील बूथों की सूची देने के लिए निर्देशित किया। मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बाउरी, संबंधित अंचल के अंचलाधिकारी समेत अन्य मौजूद रहें।

## नाबालिग बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म, चार आरोपी गिरफ्तार

**बोकारो ।** झारखंड में बोकारो जिले के कसमार थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बोकारो के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना 27 अक्टूबर की है। पीड़ित लड़की की मां ने शिकायत दर्ज कराया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी अचानक गायब हो गई है। खोजबीन के दौरान पता चला कि गांव की ही एक युवती, कुसुम कुमारी पिता भजनलाल करमाली, ने तीन युवकों को बुलाकर लड़की को बरईकला छठ घाट से उनकी बाइक पर किसी अज्ञात जगह भेज दिया था। शिकायत के अनुसार, तीनों आरोपी-सफीक अंसारी, रंजीत तुरी और राहुल तुरी-नाबालिग को ओरमो-दांतु रोड के समीप ग्राम कुलागुजु के पास सुनसान इलाके में ले गए, जहां तीनों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उन्होंने पीड़िता को गांव में छोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में कसमार थाना मे पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक बोकारो के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेरमो (तेनुघाट) के नेतृत्व में टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई, जिसके बाद सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इस ममले में सफीक अंसारी, उम्र 26 वर्ष, रंजीत तुरी, उम्र 19 वर्ष, राहुल तुरी, उम्र 18 वर्ष, कुसुम कुमारी, उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## युवती की पत्थर से कुचलकर हत्या, जंगल में मिला शव

**सरायकेला ।** सरायकेला-खरसावां जिले के कांड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत बुरुडीह गांव के जंगल में गुरुवार सुबह एक 17 वर्षीय नाबालिग युवती का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान शिवपुर गांव निवासी निरुध नायक की पुत्री नेहा नायक के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, नेहा गुरुवार सुबह शौच के लिए घर से निकली थी। देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान ग्रामीणों ने बुरुडीह के जंगल में हाई टेंशन तार के नीचे उसका पत्थर से कुचला हुआ शव देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कांड्रा थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि यह हत्या की वारदात है और पुलिस से शीघ्र जांच कर दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तालाब में डूबने से सगे भाई और बहन की मौत

**लातेहार ।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के महुआमिलान गांव में गुरुवार को तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे आपस में सगे भाई बहन थे। वहीं बच्चों के साथ तालाब में नहाने गई उनकी दादी तेतरी देवी भी तालाब में डूब रही थी, लेकिन स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बचा लिया गया। हालांकि महिला की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है। उन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार धर्मपाल प्रजापति का छह वर्षीय पुत्र और आठ वर्षीय पुत्री अपनी दादी के साथ गांव के बगल में स्थित तालाब में नहाने गए थे। अचानक महिला तेतरी देवी पानी में डूबने लगी। अपनी दादी को पानी में डूबता हुआ देखकर दोनों बच्चों ने बचाने का प्रयास किया। ले?किन दोनों बच्चे भी डूबने लगे। इधर, महिला को डूबता हुआ देखकर तालाब से दूर खड़े लोग वहां पहुंचे और किसी प्रकार महिला को तालाब से बाहर निकाला। वहीं दोनों बच्चों को भी तालाब से बाहर निकाला गया। तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया।

## सरकारी स्कूल के शौचालय की दुर्दशा पर हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, रांची नगर निगम से मांगा जवाब

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने गुरुवार को राजधानी रांची स्थित लालपुर, नगड़ाटोली स्थित राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय में बने शौचालय की दुर्दशा मामले में स्वतः संज्ञान लिया है।

उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रांची नगर निगम को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने नगर निगम से पूछा है कि उक्त स्कूल का शौचालय का दरवाजा टूट जाने के बाद उसकी मरमती क्यों नहीं की गई।

स्कूल में बने नगर निगम का शौचालय इतना गंदा क्यों है?




उसमें ताला क्यों जड़ा हुआ है। मामले में अगली सुनवाई छह नवंबर को होगी। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पक्ष रखा। दरअसल, रांची से प्रकाशित स्थानीय समाचार पत्र में उल्लेख किया गया है कि उक्त स्कूल के शौचालय का दरवाजा पूरी तरह से टूटा हुआ है, ऐसे में स्कूल की बच्चियों को शौचालय जाने के लिए टूटे दरवाजे का इस्तेमाल करना पड़ता है। स्कूल परिसर में ही नगर निगम की ओर से भी तीन मॉड्यूलर टॉयलेट बनाए गए हैं लेकिन इसके दो यूनिट में ताला जड़ा हुआ है और एक यूनिट का दरवाजा खुला है लेकिन वहां इतनी गंदगी है कि पास जाते ही खड़ा रहना मुश्किल है। ऐसे में स्कूल की बच्चिया रोजाना उसी टूटे दरवाजे को पार करके शौचालय जाने को विवश है। इस समाचार को कोर्ट ने गंभीरता से लिया है।

## ज्वेलर्स दुकान से 50 लाख की चोरी

संताल एक्सप्रेस

**पलामू ।** पलामू के पांडू प्रखंड मुख्यालय स्थित महालक्ष्मी ज्वेलर्स की दुकान में बुधवार की रात 50 लाख की चोरी हो गयी। चोर दुकान से 400 ग्राम सोना एवं 10 किलो चांदी ले गए। चोरों ने दुकान के शटर को ÷जैक÷ लगाकर उठाया और घटना को अंजाम दिया। दुकान के अंदर बने लॉकर को गैस कटर से काटकर गहनों पर हाथ साफ कर दिया। यह दुकान महूगांवा निवासी ओमप्रकाश सोनी और बाबूलाल सोनी की बताई गयी है। इस संबंध में गुरूवार शाम 5 बजे प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विगेश कुमार राय एवं पुलिस अंचल निरीक्षक रामआशिष पासवान दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच तेजी से की जा रही है और अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। घटना से आक्रोशित स्थानीय व्यापारियों ने बाजार में रात्रि प्रहरी (चौकीदार) नियुक्त करने और पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पांडू थाना




बाजार से काफी दूरी पर स्थित होने के कारण बाजार क्षेत्र असुरक्षित होता जा रहा है। उन्होंने पुलिस अंचल निरीक्षक कार्यालय को रेहला से हटाकर पांडू बाजार के पास स्थानांतरित करने की मांग भी की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने का आश्वासन दिया है।

## सरकार ने आदिवासी सीएस को हटाया लेकिन स्वास्थ्य मंत्री को नहीं : भाजपा



**चाईबासा।** चाईबासा सदर अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को संक्रमित एचआईवी रक्त चढ़ाने की गंभीर घटना को लेकर भाजपा ने राज्य सरकार और स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी पर तीखा हमला बोला है। भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री हेमंत कुमार केशरी ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि स्वास्थ्य मंत्री का चाईबासा दौरा केवल खानापूर्ति साबित हुआ। उन्होंने कहा कि मंत्री ने अस्पताल में आकर केवल औपचारिकता निभाई और वास्तविक जांच की बजाय शेखी बघारने में समय व्यतीत किया। प्रेस वार्ता के दौरान जब पत्रकारों ने बच्चों के खून की जांच रिपोर्ट आने में लगने वाले समय पर सवाल पूछा, तो मंत्री और सिविल सर्जन के जवाबों में विरोधाभास देखने को मिला, सिविल सर्जन ने जहां 4 घंटे का समय बताया, वहीं मंत्री जी ने एक माह का समय कह दिया, जिससे पूरा मामला मजाक बन गया। हेमंत केशरी ने आरोप लगाया कि राज्यभर में बिना लाइसेंस के ब्लड बैंक संचालित हो रहे हैं और कई जगहों पर जांच मशीनें भी ठीक स्थिति में नहीं हैं। इसे खुद मंत्री ने स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार की गंभीर लापरवाही है, जिससे मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि हाईकोर्ट ने भी इस मामले पर स्वास्थ्य विभाग के रवैये पर कड़ा रुख अपनाते हुए नाराजगी जताई है, जिससे पूरा झारखंड शर्मसार हुआ है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि इस घटना में आदिवासी सिविल सर्जन और ब्लड बैंक प्रभारी को निलंबित कर दिया गया, लेकिन मंत्री के खिलाफ कोई कदम क्यों नहीं उठाया गया।

## सेंट्रल को - ऑपरेटिव बैंक ने बोकारो में बकायेदार की संपत्ति जब्त की

**धनबाद।** धनबाद सेंट्रल को- ऑपरेटिव बैंक ने गुरुवार को बोकारो में बड़े बकायेदार एमएस एग्रो केमिकल वर्क्स की संपत्ति जब्त की। यह जब्ती एनपीए ऋण की वसूली बीबीके लिए सरफेसी एक्ट-2002 के अंतर्गत की गई। इसमें आवासीय प्लॉट संख्या 710-716, बारी को-ऑपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, तथा बालीडीह अवस्थित एमएस एग्रो केमिकल वर्क्स के औद्योगिक परिसर को जब्त कर बैंक ने कब्जे में ले लिया। कार्रवाई के बाद परिसर को बैंक के कब्जे में लेकर नोटिस बोर्ड पर जब्ती संबंधी सूचना चस्पा की गई।

## मनरेगाकर्मियों के नियोजन की जल्द तैयार होगी मेधा सूची

**धनबाद।** मनरेगा में सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक के पद पर नियोजन के लिए जल्द दी मेधा सूची तैयार होगी। डीसी आदित्य रंजन ने इसके लिए निर्देश जारी किया है। गुरुवार को डीसी की अध्यक्षता में नियुक्ति समिति की बैठक हुई। समाहरणालय में आयोजित बैठक में डीसी ने सभी पदों पर नियोजन के लिए पारदर्शी तरीके से अंतरिम मेघा सूची तैयार करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीबी राजीव रंजन, डीएलएओ राम नारायण खलखो, डीआईओ सुनीता तुलसियान, समेत समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## दो व तीन नवंबर को धनबाद को नहीं मिलेगा मैथन का पानी

**धनबाद।** धनबाद के लोगों को दो व तीन नवंबर को मैथन डैम का पानी मिलेगा। धनबाद शहर तथा आस पास की पांच लाख की आबादी प्रभावित रहेगी। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से बताया गया है कि गोविंदपुर के कालाडीह के निकट मैथन से आने वाली पाइप फट गई है। 1000 एमएम व्यास की राइजिंग पाइप की की मरम्मत में दो दिन लगेंगे। इस कारण धनबाद को पानी नहीं मिलेगा।

## जीएसएससी सीजीएल परीक्षा की याचिका पर हाईकोर्ट में आज होगी सुनवाई

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल (कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा) में कथित पेपर लीक मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच कराने की मांग के लिए दायर याचिका पर हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई जारी रहेगी।बुधवार को हुई लंबी सुनवाई के बाद कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए गुरुवार का समय तय किया था। लेकिन सरकार और सफल अ यर्थियों की ओर से बहस में ज्यादा समय लगने का अंदेशा को देखते हुए कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए शुक्रवार की तारीख निर्धारित कर दी है।राज्य सरकार की ओर से गुरुवार को महाधिवक्ता राजीव रंजन व अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए।अगली सुनवाई तक अदालत द्वारा रिजल्ट के प्रकाशन पर लगाया गया स्टे जारी रहेगा। शुक्रवार को यह केस सुनवाई के लिए पहले नंबर पर सूचीबद्ध किया गया है।

## नो-एंट्री विवाद मामला : 74 नामजद और 500 अज्ञात पर केस, 16 भेजे गए जेल

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिला मु यालय में नो-एंट्री व्यवस्था को लेकर जारी विवाद अब और गहराता जा रहा है। शहर में सोमवार को हुए विरोध प्रदर्शन के बाद स्थिति और बिगड़ गई है। पुलिस पर पथराव और हंगामे के आरोप में चाईबासा मुफस्सिल थाना में 74 लोगों को नामजद और करीब 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 16 प्रदर्शनकारियों को गिर तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिर तार लोगों में 6 महिलाएं और 10 पुरुष शामिल हैं। मामला 27 अक्टूबर को उस समय भड़का जब प्रदर्शनकारियों ने परिवहन मंत्री दीपक बिरूवा के आवास का अनिश्चितकालीन घेराव करने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई और दोनों ओर से तनाव बढ़ गया। चाईबासा सदर अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शहर में लागू नो-एंट्री व्यवस्था से आम लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उनका आरोप है कि इस व्यवस्था से दैनिक आवाजाही प्रभावित हो रही है और शहर में अनावश्यक जाम की स्थिति बन रही है। उनका कहना है कि पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन को दबाने के लिए बल प्रयोग किया। इस बीच, बुधवार को पूर्व मु यमंत्री मधु कोड़ा और आदिवासी हो समाज के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त चंदन कुमार से मुलाकात की। बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कोड़ा ने प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि सभी गिर तार प्रदर्शनकारियों को बिना शर्त रिहा किया जाए और नो-एंट्री व्यवस्था पर तुरंत पुनर्विचार किया जाए। हालात को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस दोनों सतर्क हैं, लेकिन शहर में तनाव कायम है।

## धर्मांतरण मामले का वीडियो पाकुड़ में वायरल

**पाकुड़ ।** इन दिनों पाकुड़ शहर में धर्मांतरण का खेल खुलेआम रात के अंधेरे में खेला जा रहा है और वो भी जिला मुख्यालय में। इस मामले का विडियो सोशल मीडिया में सुर्खियों में है। विश्वस्त सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि पाकुड़ हरिणडांगा मध्य विद्यालय (पश्चिम) के पास किसी टीचर के द्वारा भोले भाले लड़कों को अपने जाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है जिसका वीडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। इस विडियो में एक व्यक्ति के द्वारा कुछ लोगों के बीच कथित तौर पर मसीही समुदाय का प्रचार प्रसार करता हुआ देखा जा सकता है। पाकुड़ के समाजसेवी व आर टी आई कार्यकर्ता सुरेश अग्रवाल ने भी उक्त विडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। हालांकि इस मामले पर अभी तक प्रशासन की ओर सा ना तो कोई वक्तव्य आया है और ना ही किसी प्रकार का कोई प्रशासनिक कदम उठाया गया है।? गौरतलब हो कि पाकुड़ जिला एक सिमाई जिला है जहां पर सदियों से तमाम तरह की गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम दिया जाता रहा है, हालांकि उक्त प्रकरण के प्रकाश में आने के बाद आम जनता उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक की टीम पर विश्वास कर रही है और उनका यह दावा है कि इस घटनाक्रम का भी पूर्णतया पर्दाफाश हो जाएगा।

## प्रदेश भाजपा ने पांच नेताओं को पार्टी से किया निष्कासित

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल पांच नेताओं को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित कर दिया है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह के हस्ताक्षर से यह आदेश जारी किया गया।जारी पत्र के अनुसार, पूर्वी सिंहभूम जिला के चार नेताओं को घाटशिला उपचुनाव प्रचार के दौरान पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ कार्य करने का दोषी पाया गया।इन नेताओं में पूर्व जिला अध्यक्ष सौरभ चक्रवर्ती, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष तुषारकांत और सक्रिय कार्यकर्ता सुरेश महली शामिल हैं।इसी क्रम में घाटशिला मंडल अध्यक्ष कौशिक कुमार को भी पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।बताया गया है कि कौशिक कुमार घाटशिला उपचुनाव में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के विरोध में प्रचार करते पाए गए।प्रदेश भाजपा ने स्पष्ट किया है कि पार्टी अनुशासन का उल्लंघन करने वाले किसी भी नेता या कार्यकर्ता के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

## इरफान अंसारी ने ब्लड बैंक का किया दौरा एचआईवी संक्रमित मरीजों से की मुलाकात



**चाईबासा ।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने गुरुवार को चाईबासा ब्लड बैंक का दौरा किया। यहां थैलेसीमिया के मरीजों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाए जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद इसकी उच्च स्तरीय जांच की जा रही है। इसी बीच स्वास्थ्य मंत्री का यहां दौरा हुआ। डॉ इरफान ने ब्लड बैंक में जाकर पूछताछ की और वे मरीजों से भी मिले। स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भी निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। मीडिया से बातें करते हुए डॉक्टर अंसारी ने कहा कि संक्रमित मरीजों का कन्फर्मेशन टेस्ट करवाया जा रहा है और यदि उसमें भी वे पॉजिटिव पाए जाते हैं तो उन्हें दो-दो लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा और उन्हें वे गोद लेंगे।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य भर के ब्लड बैंक की जांच कराई जा रही है और सभी जगहों पर नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है।

## जीजा और भाई ने मिलकर कर दी किशोर की हत्या

**पलामू।** पलामू के सतबरवा में जीजा और भाई ने मिलकर रिश्ते को तार तार किया है। मामले में जानकारी देते हुए एसपी रिष्मा रमेशन ने मृतक किशोर पंकज यादव के पिता ने सतबरवा थाना में शिकायत किया था कि हत्या के नियत से उसके बेटे का अपहरण हुआ है। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और जांच में सामने आया कि मृतक किशोर पंकज यादव ने अपने चचेरे जीजा रमेश यादव को किसी अन्य महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था, जिसके कारण वो पंकज को रस्ते से हटाना चाहता था। वहीं दूसरी तरफ मृतक किशोर पंकज यादव के परिवार का उसके चचेरे भाई मंदीप यादव के साथ भूमि विवाद भी था। जिसको लेकर वो भी सबक सिखाना चाहता था, जिसके बाद दोनों आरोपी रमेश यादव और मंदीप यादव ने प्लान बनाया और महापर्व छठ की शाम को मृतक किशोर पंकज यादव का अपहरण के बाद गला दबाकर हत्या की और शव को नहर में फेंक दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर मृतक का शव बरामद कर लिया है, वहीं दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## सरकार आदिवासी विरोधी, अबुआ सरकार में हो रहा है आदिवासी उत्पीड़न : बीजेपी

**रांची।**भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने राज्य की हेमंत सरकार को आदिवासी विरोधी बताया है। रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले चाईबासा के सदर अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित आदिवासी बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने की घटना उन पर जानलेवा हमला करने जैसा है।उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार अपने आप को अबुआ सरकार बताती है लेकिन कथनी और करनी में फर्क है। वर्ष 2019 से लगातार आदिवासियों पर हत्या और आदिवासी महिलाओं पर दुष्कर्म की घटना चरम पर है। सूर्या हांसदा, सुभाष मुंडा और रुबिया पहाड़िया के साथ हुई घटना सरकार की नाकामी उजागर करती है। उन्होंने कहा कि रिम्स टू बनाने के नाम पर और चाईबासा के एनएच 220 पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटना को लेकर आदिवासियों ने नो एंट्री की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे पर लाठी चार्ज इन सब घटनाओं से प्रतीत होता है कि यह सरकार आदिवासी हितेषी नहीं है विरोधी है।

## डालमिया भारत फाउंडेशन ने चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान

**बोकारो।**स्वच्छ भारत अभियान के तहत डालमिया भारत लिमिटेड की सीएसआर शाखा डालमिया भारत फाउंडेशन (डीबीएफ) ने बोकारो जिले के औद्योगिक क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा 2025 के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया।इस वर्ष का थीम क्लीन इंडस्ट्रियल ज़ोन इनिशिएटिव रहा, जिसका उद्देश्य स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जन जागरूकता बढ़ाना और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना था।अभियान डीसीबीएल, बोकारो प्लांट परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों में संचालित हुआ।इस अवसर पर प्रमुख अतिथियों में डीसीबीएल बोकारो के यूनिट हेड सुनील कुमार के. भुसारी, जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) प्रीतम राज, ब्लॉक परियोजना अधिकारी आशीष कुमार महतो, तथा यूनिसेफ जिला अधिकारी अमित कुमार शामिल रहे।डीसीबीएल बोकारो के यूनिट हेड सुनील कुमार के. भुसारी ने कहा की डालमिया भारत में सस्टेनेबिलिटी और समाज की भलाई हमारे हर कार्य का मुख्य आधार है। स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के माध्यम से हम स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी को बढ़ावा दे रहे हैं।हमारा लक्ष्य आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण बनाना है।कार्यक्रम में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें डीसीबीएल के अधिकारी, कर्मचारी और जिला प्रशासन के प्रतिनिधि शामिल थे। अभियान के दौरान सड़कों की सफाई, कचरा हटाने, सड़क डिवाइडर की पेंटिंग और झाड़ियों की सफाई जैसे कार्य किए गए।साथ ही, प्रतिभागियों को सस्टेनेबल वेस्ट मैनेजमेंट और स्वच्छ आदतों के महत्व पर जागरूक किया गया।


मालदा मंडल ता़री रे नॉन इंटरलॉकिंग का़मी ला़गित् ट्रेनको चालाव-बानाव बेबो़सता

लाइन नंबर 1 ला़टुय आर शंट सिग्नलको रेयाक् नावां रूट बेबो़सताय ला़गित्, मालदा मंडल ता़री रे तिलडांगा स्टेशन रे मा़हित **06.11.2025 (सा़रदीमाहा़)** हिलोक् **10.00 बजे खो़न 13.00 बजे हा़बिच्** नॉन इंटरलॉकिंग का़मी फान्दावो़क्आ। ओनाते, लातार रे ओ़लाकान ट्रेनको दो़ नोडका लेका चालाव-बानावो़क्आः-

- **हुडिञ सा़गार मुचा़द/हुडिञ सा़गार एहो़बः 53433 आजिमगंज - बड़हरवा पैसेंजर निमतीता** स्टेशन रे हुडिञ सा़गारे मुचा़दा आर **53434 बड़हरवा -आजिमगंज पैसेंजर निमतीता** स्टेशन खो़न हुडिञ सा़गारे एहो़बा।
- नियंत्रणः 13173 सियालदह - सबरूम कंचनजंघा एक्सप्रेस हावड़ा मंडल रे 01 घंटा ला़गित् नियंत्रितो़क्आ। ओ़सुबिता ला़गित् दुक मेनाक्आ।

**मंडल रेल प्रबंधक, मालदा**

पूर्व रेलवे

नों़डे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## सप्तम लघु सिंचाई एवं द्वितीय जल निकाय गणना से संबंधित समीक्षा बैठक



**गोड्डा ।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में सप्तम लघु सिंचाई गणना एवं द्वितीय जल निकाय गणना तथा प्रथम बृहद एवं मध्यम सिंचाई गणना से संबंधित समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा सर्वेक्षण के लिए डेटा संग्रह, मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन डेटा प्रविष्टि और पर्यवेक्षण की प्रक्रिया पर चर्चा की गई है। इस गणना का उद्देश्य जिले में विभिन्न जल स्रोतों, ग्रामवार सिंचाई योजनाओं, जल निकायों और लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं का डेटा इकट्ठा करना है ताकि केंद्र सरकार की जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संचालित इस योजना को बेहतर तरीके से लागू किया जा सके। मौके पर लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता सहित कार्यालय कर्मीगण मौजूद थे।

## भूकंप से निपटने की तैयारी पर कार्यशाला शुरू



**जामताड़ा।** भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से जिला प्रशासन जामताड़ा एवं एनडीआरएफ 9वीं वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यशाला सह मॉक अभ्यास की शुरुआत गुरुवार को एसजीएसवाई प्रशिक्षण भवन सभागार में की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रवि आनंद, सहायक कमांडेंट, 9वीं वाहिनी एनडीआरएफ तथा अन्य वरीय अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उपायुक्त रवि आनंद ने कहा कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए जागरूकता और पूर्व तैयारी सबसे प्रभावी उपाय हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को ड्रॉप, कवर एंड होल्ड÷ की तकनीक सीखनी चाहिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में शांत रहकर स्वयं और दूसरों को सुरक्षित किया जा सके। उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अपनी आपदा प्रबंधन योजनाओं को अद्यतन रखें और समय-समय पर मॉक ड्रिल आयोजित करें। कार्यशाला में आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों ने भूकंप के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षात्मक कदमों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि सही प्रशिक्षण और सामूहिक प्रयासों से जनहानि को न्यूनतम किया जा सकता है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, एसडीओ अनंत कुमार, डीएसपी (मुख्यालय), जिला पंचायत राज पदाधिकारी सहित कई जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दूसरे दिन आज भूकंप मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

## साइबर ठग गिरफ्तार, आई फोन सहित मोबाइल

**गोड्डा ।** संध्या गस्ती के क्रम में गुप्त सूचना मिली कि ग्राम सरोतिया में नदी पुल के आगे सड़क किनारे पेड़ के नीचे बैठ कर साईबर ठगी कर रहे है। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार गस्ती टीम ग्राम सरोतिया पहुँची तो सड़क किनारे पेड़ के नीचे बैठे एक व्यक्ति पुलिस गाड़ी को देखकर भागने लगा। सशस्त्र बल के मदद से भाग रहे व्यक्ति का पिछा कर पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम-पता पुछने पर अपना नाम हरदयाल मंडल, उम्र करीब 35 वर्ष, पिता स्व0 रामजीवन मंडल, सा0 कसवा गोड्डा, थाना गोड्डा (मु0) जिला गोड्डा बताया। भागने का कारण पुछने पर इनके द्वारा टाल मटोल किया गया, लेकिन कड़ाई से पुछताछ करने पर इनके द्वारा बताया गया कि वह यहाँ पेड़ के नीचे बैठकर साईबर ठगी का काम करते है। पकडाये व्यक्ति के पास से आई फोन, एटीएम कार्ड मोबाइल आदि बरामद हुआ। छापामारी दल में थाना प्रभारी दिनेश कुमार महली, अंकित कुमार झा, भोलानाथ दस, संजय कुमार सिंह शामिल थे।

## बाईक चालक की सड़क हादसे में मौत

**महगामा(गोड्डा) ।** महागामा-गोड्डा मुख्य मार्ग स्थित महादेवस्थान चौक के समीप बुधवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल चालक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से यह दुर्घटना हुई।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने महागामा थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना पाकर प्रभारी थानेदार मनोज सिंह अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर रेफरल अस्पताल महागामा भेज दिया। मृतक की पहचान बिजेंद्र मुर्मू (उम्र लगभग 30 वर्ष), पिता संजला मुर्मू, महागामा थाना क्षेत्र ग्राम भेषाभरण निवासी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि बिजेंद्र बुधवार की शाम अपने गांव के पास फुटबॉल मैच देखकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बिजेंद्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे। बेटे का शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। और दुर्घटना में शामिल वाहन की तलाश में जुट गई है।

## राष्ट्रीय विद्यालयी कुश्ती प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना



**गोड्डा ।** हरियाणा के पानीपत में 01 से 05 नवंबर तक आयोजित 69वीं अंडर 19 फ्री स्टाईल राष्ट्रीय विद्यालयी कुश्ती प्रतियोगिता के लिए झारखंड की टीम बुधवार शाम रांची से पानीपत के लिए रवाना हुई। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला कुश्ती संघ सचिव सुरजीत झा ने बताया कि टीम में गोड्डा के दो पहलवान जीत सिंह एवं रामचंद्र मंडल भी शामिल हैं। इस उपलब्धि को जिला खेल जगत की बड़ी उपलब्धि बताते हुए जिला कुश्ती संघ के सभी पदाधिकारियों ने दोनों पहलवानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# संताल सिविल रूल्स में संशोधन के विरोध में धरना

संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** माँझी परगाना सरदार महासभा, प्रखंड समिति जामताड़ा की ओर से जामताड़ा अंचल कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष नाज़रि सोरेन ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माँझी, नाईकी, जोगमांझी, प्राणिक, लासेरसाल, भद्दो सहित समाज के पारंपरिक पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवा निवृत्त शिक्षक सह महासभा के संरक्षक सुनील कुमार बास्की ने कहा कि सरकार द्वारा संताल सिविल रूल्स 1946 और संताल परगाना जस्टिस रेग्युलेशन 1893 की समीक्षा व संशोधन की कोशिश संताल समाज




की परंपरागत माँझी-परगाना व्यवस्था पर हमला है। उन्होंने कहा, ÷माँझी प्रधान हो सकता है, लेकिन प्रधान माँझी नहीं – दोनों की भूमिका अलग है, जिसे प्रशासन समझने में नाकाम है। सुनील बास्की ने यह भी कहा कि सरकार समीक्षा के नाम पर माँझी और नाईकी की राय लिए बिना राजस्व प्रधानों से रिपोर्ट तैयार कर रही है, जिससे संताल समाज की पारंपरिक व्यवस्था खतरे में पड़ गई है। जिला अध्यक्ष सुनील कुमार हांसदा ने कहा कि झारखंड में अब तक पेसा कानून 1996 लागू नहीं किया गया है, जबकि अन्य राज्यों में यह लागू है। उन्होंने माँझी, नाईकी, प्राणिक, जोगमांझी, कुडाम नाईकी समेत सभी परंपरागत पदाधिकारियों को सम्मान राशि देने की मांग दोहराई और कहा कि इसके लिए दलालों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

धरना को परेश मरांडी, नन्दलाल हांसदा, महादेव हांसदा, नबीन मरांडी, सज्जन मुर्मू, संजीत हेम्ब्रम, ललिता बास्की सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में माँझी डॉ. सोरेन, हेमलाल सोरेन, सुकदेव हांसदा, रबीन्द्र किस्कू, हेमन्त मुर्मू, नाईकी सहेबलाल हांसदा, जोगमांझी चांद हेम्ब्रम, लासेरसाल परसन मरांडी, प्राणिक अलिंद मुर्मू सहित कई प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## भाजपा का आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर संगोष्ठी आयोजित



**महागामा ।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत महागामा विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन महुआरा स्थित राज रेस्टोरेंट में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभय कांत प्रसाद तथा प्रदेश महामंत्री मुन्ना मिश्रा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में आत्मनिर्भर भारत की मूल अवधारणा, संगठन की भूमिका और युवाओं व ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण पर विस्तृत विचार रखे। अभय कांत प्रसाद ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का अर्थ केवल आर्थिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि यह स्वावलंबी समाज निर्माण की दिशा में एक आंदोलन है। जब गांव सशक्त होंगे, तब राष्ट्र मजबूत बनेगा। वहीं मुन्ना मिश्रा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे उद्यमिता और स्थानीय संसाधनों के उपयोग से रोजगार सृजन में अग्रणी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने भी ग्रामीण उद्यम, महिला स्वावलंबन, कृषि आधारित उद्योग, स्वरोजगार और संगठनात्मक मजबूती पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान तभी सफल होगा, जब हर नागरिक अपनी क्षमता को पहचानकर समाज के विकास में योगदान देगा। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों की ओर से सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को उनके सहयोग और योगदान के लिए धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अभय कांत प्रसाद (पूर्व प्रदेश अध्यक्ष), मुन्ना मिश्रा, प्रदेश महामंत्री, संजीव मिश्रा, जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, जंगबहादुर सिंह, कुंवर सुनीता सिंह उषा जायसवाल, मन्ना झा, राजाराम राउत, भाजपा के कार्यकर्तागण एवं शहरी व ग्रामीण इलाकों से लोग उपस्थित थे।

## सप्तम लघु सिंचाई एवं द्वितीय जल निकाय गणना से संबंधित समीक्षा बैठक

**गोड्डा ।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में सप्तम लघु सिंचाई गणना एवं द्वितीय जल निकाय गणना तथा प्रथम बृहद एवं मध्यम सिंचाई गणना से संबंधित समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा सर्वेक्षण के लिए डेटा संग्रह, मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन डेटा प्रविष्टि और पर्यवेक्षण की प्रक्रिया पर चर्चा की गई है। इस गणना का उद्देश्य जिले में विभिन्न जल स्रोतों, ग्रामवार सिंचाई योजनाओं, जल निकायों और लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं का डेटा इकट्ठा करना है ताकि केंद्र सरकार की जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संचालित इस योजना को बेहतर तरीके से लागू किया जा सके।

## चक्रवाती तूफान 'मोंथा' से जन जीवन प्रभावित



**महागामा ।** बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान 'मोंथा' अब जिले में भी अपनी असर दिखाने लगा है। लगातार तेज हवाओं और रुक-रुक कर हो रही बारिश ने पूरे जिले के जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग की चेतावनी के साथ ही बादल छाए हुए हैं, और बुधवार को भारी बारिश के साथ तेज हवा चल रही है। ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित होने की सूचना मिल रही है। वहीं बिन मौसम हो रही बारिश के कारण कच्चे घरों की दीवारें गिरने और पेड़ के उखड़ने की संभावना जताई जा रही है। खेतों में पक कर तैयार खड़ी धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है, जिससे किसानों की कमर टूट गई है। उससे किसानों में गहरी निराशा है। महागामा प्रखंड के बसुआ, करनू मोहनपुर, गुदिया आदि पंचायतों में किसानों की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। कई किसानों ने बताया कि बारिश और तेज हवा के कारण खेतों में पानी भर गया है, जिससे धान की बाली झुककर सड़ने लगी है। किसान राहुल कुमार ने बताया कि हम लोगों ने कड़ी मेहनत से फसल तैयार किया था लेकिन मोंथा तूफान ने सब कुछ चौपट कर दिया। अब आने वाले दिनों में परिवार चलाना मुश्किल होगा। वहीं मौसम विभाग की सूचना के बाद प्रशासन द्वारा सभी को अलर्ट रहने की हिदायत दी गई है।महागामा के अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में स्थिति पर नजर रखी जा रही है। किसानों की क्षति का आकलन करने के लिए टीम बनाई गई है। जल्द ही नुकसान का सर्वे कराकर सरकारी मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वहीं मौसम विभाग के अनुमानुसार अगले 24 घंटे तक तूफान का असर जारी रह सकता है। इसलिए लोगों को अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

## चक्रवाती तूफान मोंथा को लेकर डीसी ने जिलेवासियों से की एहतियातन बरतने की अपील

**गोड्डा ।** चक्रवाती तूफान मोंथा के बंगाल की खाड़ी से उत्पन्न होने एवं इसके जिले पर संभावित प्रभाव को देखते हुए समस्त जिलेवासियों से विशेष सतर्कता और एहतियात बरतने की अपील है। मौसम विभाग द्वारा यह अनुमान व्यक्त किया गया है कि आने वाले दिनों में यह एक गंभीर चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है। मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार, यह तूफान 31 अक्टूबर तक जिले में भारी वर्षा, तेज हवाओं (60-110 किमी/घंटा) एवं भारी बारिश की स्थिति पैदा कर सकता है। ऐसे में आप सभी से आग्रह होगा कि खराब मौसम की वजह से अपने घरों से बेवजह बाहर नहीं निकले, विशेष परिस्थिति में ही घरों से निकले। अत्यधिक वर्षा के कारण अक्सर झील, तालाब, जलाशय, डोभा, नदी-नाले सब भर जाते हैं और आम जनजीवन प्रभावित होता है। अत्यधिक वर्षा से सड़क जाम, कच्चे मकान का टूटना, वज्रपात से जान-माल को नुकसान, फसलों को नुकसान की आशंका बनी रहती है। ऐसे में किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार और सतर्क है। जिला प्रशासन गोड्डा की ओर से लगातार स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## आवास योजनाओं को लेकर बीडीओ के निर्देश पर समीक्षा बैठक

**नाला (जामताड़ा)।** नाला प्रखंड सभागार में गुरुवार को विभिन्न आवास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी अकांक्षा कुमारी के निर्देश पर प्रखंड समन्वयक सह प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुबल कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी पंचायत सचिवों, स्वयंसेवकों एवं कनीय अभियंताओं को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रखंड समन्वयक ने योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाने पर बल देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं अंबेडकर आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत पंचायतों को दिए गए एक सप्ताह के लक्ष्य को निर्धारित समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि आबुआ आवास योजना 2023-24 के तहत प्लींथ स्तर पर लंबित आवासों का शीघ्र जियो-टैगिंग किया जाए तथा शेष सभी आवासों को दो माह के भीतर पूर्ण कर लिया जाए। वहीं 2024-25 के लिए पंचायतवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए आवासों को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। शर्मा ने कहा कि लाभुकों को समय पर भुगतान, निर्माण कार्य की गुणवत्ता और जियो-टैगिंग प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी पंचायत सचिवों, स्वयंसेवकों और कनीय अभियंताओं को कार्य में गंभीरता और पारदर्शिता बरतने को कहा।

## मुफ्त मस्कुलेस्केलेटल स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**पथरगामा ।** जिला आयुष समिति के तत्वाधान में पथरगामा प्रखंड मुख्यालय के साप्ताहिक हाट स्थित नंदीश्वर नाथ शिव मंदिर के प्रांगण में लगाए गए दो दिवसीय आस्टियोआर्थराइटिस एवं अन्य मस्कुलेस्केलेटल मुफ्त जांच स्वास्थ्य शिविर संपन्न हो गया। शिविर का संचालन डॉ संजीव कुमार और डॉ दीप्ती कुमारी, योग प्रशिक्षक चन्द्रगुप्त कुमार और सहयोगी नविन कुमार के द्वारा किया गया था। आज के शिविर में डाक्टरों द्वारा जिर्ण रोग के साथ साथ रक्त चाप, रक्त शार्करा का मुफ्त जाँच कर आयुष पद्धति द्वारा इलाज किया गया। आज के शिविर में कुल 76 रोगियों की जाँच की गई। वयोवृद्ध को खान पान, योगाभ्यास इत्यादि के बारे में बताया गया।

## कृषक सलाहकार समिति की हुई बैठक



**कुंडहित (जामताड़ा) ।** पुरातन प्रखंड परिसर स्थित कृषि प्रशिक्षण केंद्र में प्रखंड स्तरीय कृषक सलाहकार समिति की बैठक जिला आत्मा के उद्यान मित्र श्यामल फौजदार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय सलाहकार समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में जिला आत्मा उद्यान मित्र श्यामल फौजदार ने जानकारी देते हुए बताया वित्तीय वर्ष रबी फसल के बीज वितरण प्रखंड स्तरीय कृषक सलाहकार समिति के निर्णय पर ही वितरण किया जाएगा। सलाहकार समिति के निर्णय पर किसानों को क्लस्टर पर तिलहनी एंव दालहनी बीज का वितरण किया जाएगा। जिला कृषि प्रदगती अभिकरण (आत्मा ) की और से क्लष्टर में इच्छुक किसानों के बीच तिलहनी एवं दलहनी बी का वितरण किया जाएगा। इस दौरान प्रखंड स्तरीय कृषक सलाहकार समिति द्वारा छह क्लस्टर का चयन किया गया। गड़जोड़ी पंचायत के महुला क्लस्टर में तिलहनी,बेड़ा क्लस्टर में दालहनी, एंव चन्द्रडीह क्लष्टर में दालहनी, वही बनकाटी पंचायत के शंकरपुर क्लस्टर में तिलहनी, आगौया क्लस्टर में तिलहनी एंव नगरी क्लस्टर में तिलहनी का वितरण करने पर निर्णय लिया गया। मौके पर प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनोरंजन मिर्धा ,बीटीएम सुजीत सिंह, एटीएम आमिर हेम्बरम, सदस्य बाबूराम हेंब्रम, जीवन घोड़ई, जयधन टुडू , साईनल मुर्मू, हेमलाल मुर्मू,बासनी मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## उच्च विद्यालयों में आज होगा साइबर सुरक्षा अभियान : डीसी

**जामताड़ा।** साइबर अपराधों से लोगों को सतर्क करने और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जामताड़ा जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025 को जिले के 72 चयनित उच्च विद्यालयों में विशेष साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रवि आनंद के निर्देशानुसार सभी विद्यालयों में गठित सेवा सुरक्षा क्लबों के माध्यम से यह अभियान चलाया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में एक नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है, जो छात्रों को साइबर फ्रॉड से बचने, ऑनलाइन व्यवहार में सावधानी बरतने और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के बारे में जानकारी देंगे।ज्ञात हो कि 16 जुलाई 2025 को उपायुक्त की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा क्लब का औपचारिक उद्घाटन किया गया था, जिसमें सी-डैक पटना की टीम ने नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया था। अब यह क्लब जिले भर में जागरूकता फैलाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।उपायुक्त ने सभी नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि कार्यक्रम की जीपीएस फोटो और वीडियो क्लिप जिला नियंत्रण कक्ष के व्हाट्सएप ग्रुप में साझा करें, ताकि अभियान की प्रगति की निगरानी की जा सके।

## रेडक्रॉस के बेहतर संचालन हेतु सभी सदस्य आएं आगे : डीसी



**गोड्डा ।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में जिला रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यों की संख्या बढ़ाने और बेहतर संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने समिति के सभापति से रेड क्रॉस सोसायटी के बेहतर संचालन को लेकर जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा रेडक्रॉस सोसाइटी समाज के हित में बेहतर कार्य करती है, इसके लिए बेहतर संचालन को लेकर सभी सदस्यों को आगे आना होगा। बैठक के दौरान विभिन्न सदस्यों द्वारा सोसायटी के हित में सुझाव एवं सलाह, सोसायटी के हित में किए जाने वाले कार्य एवं सोसायटी के बेहतर संचालन को लेकर चर्चा की गई। उपायुक्त के द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी को मजबूत करने तथा इसके बेहतर संचालन हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारी को एक्शन प्लान तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला अंतर्गत विभिन्न स्कूलों, गोड्डा कॉलेज, महिला महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को वोलेन्ट्रीयर्स के रूप में जोड़ने हेतु निदेशित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी के बेहतर संचालन हेतु अंशदान प्रदान करने तथा अपने अपने अधीन कर्मियों एवं पदाधिकारियों को सदस्यता प्रदान कर बेहतर कार्य कर सकते है। बैठक के दौरान रेडक्रॉस सोसायटी के अधिकारियों को एक महिने के अंतराल पर ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए गए ताकि जिले में रक्त की कमी को पूरी की जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे, अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, रेड क्रॉस के सभापति मुकेश कुमार गाडिया, रेड क्रॉस के कोषाध्यक्ष कुमार निशिकांत, रेड क्रॉस के सदस्य प्रकाश कुमार अग्रवाल, विपिन कुमार साह, सनोज कुमार, उज्जवल कुमार झा आदि मौजूद रहे।

## प्रवीण चौधरी की याद में श्रद्धांजलि सभा

**मिहिजाम ।** चन्द्रदीपा पंचायत भवन परिसर में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-जिला परिवहन पदाधिकारी स्व. प्रवीण चौधरी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पंचायत कर्मी और ग्रामीण उपस्थित होकर दिवंगत अधिकारी के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया देवीशन हांसदा ने की। उन्होंने कहा कि स्व. चौधरी एक ईमानदार, संवेदनशील और जनहितैषी अधिकारी थे, जिन्होंने अपने कार्यकाल में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन से प्रशासनिक परिवार के साथ-साथ पूरे प्रखंड में शोक की लहर है। सभा में उपमुखिया लखींद्र मरांडी, पंचायत सचिव अजय मंडल, शिशु गोराई, अरुण मंडल, सुभाष मिर्धा, सुखेंद हेंब्रम सहित कई समाजसेवी उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि स्व. चौधरी सदैव जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते थे और उनकी सादगी एवं कार्यनिष्ठा प्रेरणास्रोत है।

## शनिवार को तीन घंटे बाधित रहेगी शहरी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति

**जामताड़ा।** जिले के उपभोक्ताओं को शनिवार, 1 नवंबर 2025 को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 132/33 केवी ग्रिड सबस्टेशन, जामताड़ा में मरम्मती कार्य के चलते सुबह 11ः00 बजे से दोपहर 2ः00 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी। इस दौरान 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र, जामताड़ा से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडर प्रभावित रहेंगे, जिससे जामताड़ा शहरी क्षेत्र और आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। कनीय विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा जामताड़ा (शहरी) ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि मरम्मती कार्य पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति पुनः बहाल कर दी जाएगी। विभाग ने असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा कि यह कार्य बेहतर विद्युत सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

## कर्मचारियों को डोमिसाइल प्रमाणपत्र के लिए करनी पड़ रही मशक्कत

**चित्तरंजन।**चित्तरंजन रेलवेमेंस कांग्रेस ने चिरेका कर्मचारियों को डोमिसाइल सर्टिफिकेट (स्थायी निवास प्रमाणपत्र) जारी कराने में हो रही दिक्कतों पर गंभीर चिंता जताई है। संगठन के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने उपमहाप्रबंधक को पत्र लिखकर सभी वार्डों के सहायक वार्डन और वार्डन को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है।उन्होंने बताया कि पहले यह प्रमाणपत्र एसडीओ आसनसोल कार्यालय से बनता था, लेकिन अब इसे बीडीओ सालानपुर कार्यालय से जारी किया जा रहा है। बैठक में तय नियमों के अनुसार वाइस वार्डन द्वारा जारी आवासीय प्रमाणपत्र पर सहायक वार्डन और वार्डन के हस्ताक्षर आवश्यक हैं।औपचारिक आदेश की कमी के कारण कई वार्डन सिग्नेचर करने से बच रहे हैं, जिससे कर्मचारियों को दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। रेलवेमेंस कांग्रेस ने प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप और आवश्यक आदेश जारी करने की अपील की है ताकि कर्मचारियों को राहत मिल सके।

## बस्तर पहाड़ी के समीप शव मिलने से फैली सनसनी

**ठाकुरगंगटी ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत वास्ता पहाड़ स्थित विवाह भवन के बगल में पानी टंकी के नीचे एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गई ।जिसकी सूचना ठाकुरगंगटी थाना प्रभारी राजन कुमार राम को मिलते ही अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने गिरफ्त में लेते हुए छानबीन करने लगे। जहां मृतक का पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के पंजराडीह गांव निवासी श्याम कुमार दास उम्र 50 बर्ष, पिता स्वर्गीय जलधर रविदास के रूप में हुई। वही मृतक के घरवाले को पता चलते ही मृतक के दो पुत्र रवि कुमार, दिपक कुमार के साथ उनके भाई विनोद रविदास घटना स्थल पर पहुंचे ।जहां मृतक के भाई विनोद रविदास ने बताया की उनके भाई बुधवार दिन के लगभग 3 बजे साईकिल लेकर घर से निकले थे। जहां देर शाम तक घर वापस नहीं आने पर परिजनों के द्वारा कई जगहों पर खोजबीन की गई परंतु वह नहीं मिलें। वही गुरूवार कि सुबह तक परिजनों के द्वारा खोजबीन जारी था।वही सैकड़ों कि संख्या में उपस्थित लोगों के द्वारा चर्चा की जा रही थी कि शराब के नशे में ऐसी घटना घटी है। चुकी मृतक का साइकिल शराब बेचने वाले जगह पर पाई गई है।

## मनुस्मृति से चलेगी राजसत्ता, वर्ण व्यवस्था होगा आधार

भारत सरकार द्वारा लेबर पॉलिसी 2025 का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। इस ड्राफ्ट में मनुस्मृति का भी उल्लेख किया गया है। दरअसल मनुस्मृति में इस बात का उल्लेख है, कि वर्ण व्यवस्था के अंतर्गत मजदूरों की मजदूरी किस हिसाब से तय होनी चाहिए। किस तरह से समाज की सबसे कमजोर वर्ग के हितों की रक्षा करनी चाहिए। केंद्र द्वारा जो ड्राफ्ट तैयार किया गया है उसमें कई हिंदू धर्म ग्रंथो का उल्लेख करते हुए मनुस्मृति के अनुसार मजदूरों के हितों का संवर्धन करने के साथ-साथ मजदूरी का भुगतान करने का नियम बनाया गया है। भारत सरकार ने ड्राफ्ट में नारद स्मृति, शुक्र नीति और अर्थशास्त्र के प्राचीन ग्रंथो को राजधर्म की अवधारणा के साथ जोड़कर उनका समावेश संवैधानिक व्यवस्था में किया है। भारत सरकार का मानना है श्रम कानून का उदय भारत के धार्मिक ग्रंथो के माध्यम से हुआ है। यह एक पवित्र और नैतिक कर्तव्य का प्रतीक है। सामाजिक एवं आर्थिक सद्भाव तथा सामूहिक समृद्धि के लिए यह धर्म ग्रंथ की भारतीय संस्कृति में व्यापक व्यवस्था की गई है। मनुस्मृति का दृष्टिकोण प्रत्येक नागरिक के गोत्र के अनुसार सामाजिक सृजन में सब की भूमिका बताई गई है। चाहे वह कारीगर हो, किसान हो, शिक्षक हो या औद्योगिक क्षेत्र का मजदूर हो सभी की व्यवस्था करने को मनुस्मृति ने स्वीकार किया है। शुक्र नीति भी कर्मचारी और नियोक्ता के बीच के संबंध किस तरीके के होने चाहिए इसके बारे में बताया गया है। भारतीय संविधान में पहली बार मनुस्मृति के नाम से लेबर पॉलिसी 2025 को तैयार किया जा रहा है। इसका आशय यह निकाला जा रहा है, कि केंद्र सरकार ने मनुस्मृति के सिद्धांतों की वापसी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एजेंडा को लागू करने के लिए अपना अंतिम कदम आगे बढ़ा दिया है। इस ड्राफ्ट की नीति के माध्यम से इतना तय हो गया है, कि जो संविधान अभी चल रहा है उसकी व्याख्या और उसमें परिवर्तन संघ और भाजपा अपने हिसाब से करेगी। भारत के न्यायालयों में पिछले 11 वर्षों में जिस तरह से एक ही विचारधारा के न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई है, शासन के सभी प्रमुख पदों पर एक ही विचारधारा के लोगों को नियुक्त किया गया है, उसके बाद अब मनुस्मृति को लागू करना या हिंदू राष्ट्र बनाना ज्यादा दूर नहीं रह गया है। लेबर पॉलिसी के रूप में सरकार ने अपनी मनसा स्पष्ट कर दी है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट भी सरकार के अनुसार ही लोकतांत्रिक व्यवस्था में धार्मिक आधार पर निर्णय करने लगी हैं। रामजन्म भूमि विवाद और अन्य कई मामले इसके उदाहरण हैं। पिछले एक दशक में जिस तरह से हर मोहल्ले, गांव और शहर में हिंदुत्व समर्थित धार्मिक आधार पर एक नेटवर्क खड़ा कर दिया गया है, उसके बाद मनुस्मृति को लागू करने में अब कोई बाधा भी नहीं रहेगी। राहुल गांधी जो आशंका व्यक्त कर रहे थे वह अब आशंका नहीं यथार्थ में बदल गई है।

# भारतीय परंपरा का प्रतीक है जगधात्री पूजा

**कुमार कृष्णन**

कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी को जगद्धात्री पूजा होती है।माँ जगधात्री, वह देवी जो विश्व की रक्षक के रूप में पूजनीय हैं। यह पूजा खास तौर पर पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड ओडिशा सहित अन्य राज्यों में की जाती है। कहा जाता है कि इस पर्व की शुरुआत रामकृष्ण परमहंस की पत्नी शारदा देवी ने रामकृष्ण मिशन में की थी। वह भगवान के पुनर्जन्म में बहुत विश्वास करती थी। इसकी स्थापना के बाद दुनिया के कोने-कोने में मौजूद रामकृष्ण मिशन के केंद्र में इस त्योहार को मनाने की शुरुआत हुई। लंबे समय तक पश्चिम बंगाल का चंदन नगर फांसिसी उपनिवेश रहा।चन्दननगर और उसके आसपास के क्षेत्रों में जगद्धात्री पूजा बड़े धूमधाम से की जाती है। दिल्ली में भी यह कई स्थानों पर मनाया जाता है, जिनमें नई दिल्ली काली बाड़ी भी शामिल है जो बंगाली कला और संस्कृति का केंद्र है। बिहार के भागलपुर में जगधात्री पूजा सुप्रसिद्ध उपन्यासकार शरत चंद से जुड़ा है। चंदननगर में जगधात्री पूजा का प्राचीन इतिहास आज भी अज्ञात है। कहा जाता है कि यहाँ कृष्णनगर के राजा कृष्णचंद्र की तरह इंद्रनारायण चौधरी ने चंदननगर में जगधात्री पूजा की शुरुआत की थी। कृष्णनगर में जगधात्री पूजा की शुरुआत का समय 1762 था। इंद्रनारायण चौधरी की मृत्यु 1756 में हुई थी। इसलिए इंद्रनारायण चौधरी ने चंदननगर में जगधात्री पूजा की शुरुआत नहीं की। चंदननगर में जगधात्री पूजा की शुरुआत संभवतः 1750 से पहले हुई थी। एक बार राजा कृष्णचंद्र को कर न चुकाने के कारण तत्कालीन शासक सिराज ने पकड़ लिया था। जब वे जेल से रिहा हुए, तो मुर्शिदाबाद से नाव से नादिया लौटते समय (यह शरदकालीन दुर्गा पूजा का समय था), उन्होंने नाव पर ढोल की आवाज़ सुनी, जो यह दर्शाता था कि यह पूजा का दसवां या आखिरी दिन था, और वे, दुर्गा के एक भक्त, उत्सव में शामिल न हो पाने के कारण उदास थे। उस शाम को उन्हें देवी दुर्गा का दर्शन हुआ, जो एक बच्चे के रूप में प्रकट हुईं, उन्होंने उन्हें एक महीने में कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर उनकी पूजा करने के लिए कहा, और यह भी कहा कि इससे उनकी वही कृपा प्राप्त होगी। बाद में, जब उन्होंने इस घटना के बारे में अपने परिवार के पुरोहित से चर्चा की, तो उन्हें बताया गया कि, यह वास्तव में देवी जड़धात्री थीं। कृष्णचंद्र ने एक कलाकार को देवी जगधात्री की एक मूर्ति बनाने का आदेश दिया, और उन्होंने नियत समय पर बड़ी धूमधाम से इसकी पूजा की।

अगर इस किंवदंती पर विश्वास किया जाए तो अठारहवीं शताब्दी के मध्य में जगद्धात्री की पूजा शुरू हुई थी। हालाँकि, समकालीन साहित्य में पूजा का उल्लेख नहीं है, इसलिए यह संभावना है कि बाद में अधिक सार्वजनिक पूजा शुरू हुई। जगद्धात्री की पूजा की परंपरा, कृष्णनगर राजबाड़ी में अभी भी उतनी ही सहजता से निभाई जाती है।इस देवी का उल्लेख कई पौराणिक ग्रंथों में मिलता है, जो उनके दिव्य स्वरूप और शक्ति का प्रमाण है। कार्तिक पुराण में जगद्धात्री देवी का वर्णन मिलता है। देवी पुराण, मार्कंडेय पुराण और माया तंत्र में भी देवी की पूजा विधियों का उल्लेख है. चंडी उपाख्यान में देवी जगद्धात्री द्वारा करिंदा असुर और गजा असुर का वध करने का उल्लेख है, जो उनकी महाशक्ति रूप को दर्शाता है। देवी जगद्धात्री की प्रतिमा का स्वरूप अत्यंत अद्भुत और विशिष्ट है।वह सिंह पर सवार होती हैं, जो उनके नीचे हाथी पर दहाड़ता हुआ होता है। सिंह के नीचे फैला हुआ हाथी होता है, जो धरती पर चारों पैर फैला कर विराजमान रहता है। देवी चार भुजाओं और त्रिनेत्र के साथ अपने कमलासन पर विराजमान होती हैं। उनके दाहिने हाथों में चक्र और तीर होते हैं, जबकि बाएं हाथों में शंख और धनुष। मां के गले के पास एक फुफकारता हुआ नाग शोभायमान रहता है, जो उनकी शक्ति का प्रतीक है।देवी के अलंकरण में सोने-चांदी के आभूषणों के साथ विशेष कलात्मक शोले की सजावट होती है, जो उनकी दिव्यता को और बढ़ाते हैं।देवी आमतौर पर लाल वस्त्र धारण करती हैं, जो शक्ति और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। इस प्रकार देवी जगद्धात्री की पूजा भारतीय संस्कृति और पौराणिक परंपराओं में विशेष स्थान रखती है, जो सदियों से श्रद्धा और भक्ति के साथ की जाती है।जगधात्री को दुर्गा का दूसरा नाम कहा जाता है। संस्कृत, बंगाली और असमिया में जगधात्री शब्द का शाब्दिक अर्थ है विश्व (जगत) की धारक (धात्री)। देवी जगधात्री का पंथ सीधे तंत्र से लिया गया है, जहाँ वह दुर्गा और काली होने के अलावा सत्व का प्रतीक हैं, जो क्रमशः रजस और तमस का प्रतीक हैं - हिंदू दर्शन के ये तीन मूल घटक हैं। जगद्धात्री देवी के आगमन के बारे में एक प्राचीन कथा यह है कि शैतान महिषासुर को मारने के बाद देवी दुर्गा को सभी देवताओं ने नजरअंदाज कर दिया और उन्होंने जीत का सारा श्रेय अपने नाम पर रखकर जश्न मनाया क्योंकि देवी दुर्गा की रचना सभी देवताओं की शक्ति को आत्मसात करके हुई थी।अपमान से क्रोधित देवी दुर्गा ने चुपके से उन पर घास का एक पत्ता फेंका। इंद्र (गर्जन के देवता), वायु (हवा के देवता), अग्नि (आग के देवता) और वरुण (बारिश के देवता) सभी ने घास के पत्ते को नष्ट करने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे और देवी दुर्गा आखिरकार अपने नए रूप में सभी देवताओं के सामने आईं। सभी देवताओं ने स्वीकार किया कि चार हाथों वाली यह चमकदार सुंदर देवी कोई और नहीं बल्कि पृथ्वी की स्वामिनी देवी जगधात्री हैं।एक अन्य मत के अनुसार युद्ध के दौरान, राक्षस महिषासुर ने देवी दुर्गा को भ्रमित करने और उन्हें बहकाने के लिए कई रूप धारण किए। जब ??राक्षस ने हाथी का रूप धारण किया तो देवी चार हाथों वाली शेर के साथ प्रकट हुईं। उस रूप को जगधात्री के नाम से जाना जाता है। देवी जगधात्री ने अपने घातक हथियार चक्र से राक्षस हाथी का वध कर दिया।यहाँ महिषासुर के स्थान पर हाथी को शैतान कहा गया है। संस्कृत में हाथी को कारी कहते हैं और इसी कारण जगद्धात्री द्वारा मारे गए शैतान को करिन्द्रसुर कहते हैं ।देवी दुर्गा के विपरीत, जगधात्री देवी की पूजा करते समय जगधात्री के साथ कोई लक्ष्मी, सरस्वती, कार्तिक और गणेश मौजूद नहीं होते हैं। केवल जया और विजया उपस्थित थीं।यह मूर्ति देवी दुर्गा के समान बनाई गई है, क्योंकि तंत्र और पुराण में देवी जगद्धात्री को सुबह के सूर्य के समान रंग वाली, तीन आंखों और चार भुजाओं वाली, अपने दो बाएं हाथों में शंख और धनुष तथा दो दाहिने हाथों में चक्र और पांच मुख वाला बाण धारण किए हुए दिखाया गया है तथा उनकी सवारी सिंह है।शंख तेजस्विता और पवित्रता का प्रतीक है, चक्र दुष्टात्मा का नाश करता है, जबकि बाण/शाखा बुद्धि का प्रतिनिधित्व करते हैं और धनुष मन की एकाग्रता का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस प्रकार देवी ज्ञान की भावना लाती हैं, और हिंदू कैलेंडर के अनुसार शुभ समय को चिह्नित करती हैं।देवी दुर्गा के विपरीत, उनके गले में एक साँप लिपटा हुआ है, जो जीवन में सभी बाधाओं से लड़ने का प्रतीक है।देवी की मूर्ति को लाल कपड़ों और आभूषणों से खूबसूरती से सजाया गया है। देवी को गले में माला भी पहनाई गई है। भागलपुर के गांगुली परिवार की जगधात्री पूजा भागलपुर शहर की विरासत को दर्शाती है।भागलपुर से शरतचंद्र को काफी ख्याति मिली। उनके अनेक उपन्यास भागलपुर की पृष्ठभूमि से जुड़े हैं। भारत की सर्वाधिक भाषाओं में उनकी ख्याति है। उनकी ही प्रेरणा से भागलपुर में बंग साहित्य परिषद् की स्थापना की गयी।मानिक सरकार मोहल्ले की मुख्य सड़क का अंति मकान प्रख्यात बांग्ला कथाशिल्पी शरतचंद्र चट्टोपाध्याय के परनाना की है।इस मोहल्ले के कई दर्जन मकान मालिक जहां विभिन्न कारणों से अपने मकान बेचकर कोलकाता या अन्यत्र जा बसे, वहां करीब ढ़ाई सौ सालों से आबाद आज इसकी पांचवीं-छठी पीढ़ी के मालिकान शांतनु गांगुली व इनके बेटे-बेटी रह रहे हैं। इनके छरदादा रामधन गंगोपाध्याय आर्थिक तंगी से मुक्ति पाने बंगाल के हाली नगर से भागलपुर आ बसे थे। प्रतिभाशाली होने के कारण ब्रिटिश सरकार में उन्हें यहां ऊंचा पद मिला था। उनके पुत्र केदारनाथ गांगुली इनके परदादा थे। उनके पांच पुत्रों व दो पुत्रियों में सुरेंद्रनाथ गांगुली व भुवन मोहिनी शामिल थीं। सुरेंद्रनाथ गांगुली इनके दादा थे। उनकी बड़ी बहन भुवन मोहिनी की शादी पश्चिम बंगाल के देवानंदपुर के मोतीलाल चट्टोपाध्याय से हुई थी।



## अवैध रूप लीज लेने का आरोप, रैयतों ने की सीओ से शिकायत

संताल एक्सप्रेस संवाददाताहिरणपुर (पाकुड़ ) अंचल क्षेत्र के मौजा प्रतापपुर के कईप्लॉट में पत्थर खनन पट्टा के जरिए अवैध रूप से लीज कराने की शिकायत खातियानी रैयतों ने अंचलाधिकारी से की है। शिकायतकर्ता सुरेश सोरेन एवं जादू सोरेन ने शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि मौजा प्रतापपुर, खाता संख्या 08 के प्लॉट संख्या 588, 589/पी, 590 पूर्वज बुदन सोरेन के नाम पर खतियानी रैयती भूमि है। यह जमीन उनके पूर्वजों से प्राप्त संपत्ति है, जिसे न तो उन्होंने किसी कंपनी को लिखित रूप में दिया है और न ही शपथ पत्र के माध्यम से दिया है। इसके बावजूद मेसर्स बीएम स्टोन वर्कस के द्वारा उक्त जमीन को अवैध रूप से लीज पर ले लिया गया है। रैयतों ने कहा है कि वे गरीब और कमजोर आदिवासी हैं, जिनके पास इस जमीन के अलावा और कोई संपत्ति नहीं है। उन्होंने अंचलाधिकारी से मामले की जांच कराकर अवैध खनन पर रोक लगाने एवं जमीन वापस दिलाने की मांग की है। इस बावत सीओ मनोज कुमार ने कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पंचायत स्वयंसेवक का बैठक आयोजित

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)प्रखंड सभागार में गुरुवार को पंचायत स्वयंसेवक एवं पंचायत मोबिलाइज़र की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी कमल पहाड़िया एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के. सी. दास ने संयुक्त रूप से की।बैठक में उपस्थित सभी कर्मियों को पंचायत सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल देते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने पंचायतों में क्रय किए गए उपकरणों का अद्यतन सुनिश्चित करने, प्रत्येक दिन पंचायत सचिवालय में नियमित उपस्थिति दर्ज करने तथा लंबित पीएम-जनमन आवास, बिरसा आवास, बिरसा आवास और अबुआ आवास योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि पंचायत स्तर पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना सभी कर्मियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।बैठक में विभिन्न पंचायतों के स्वयंसेवक एवं मोबिलाइज़र उपस्थित रहे।

## फोटोग्राफी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला



संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल-मॉडल कॉलेज राजमहल में गुरुवार को कैरियर इन फोटोग्राफी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉ रंजीत कुमार सिंह के अध्यक्षता में किया गया. इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को फोटोग्राफी के तकनीकी पहलुओं, उसकी बारीकियों तथा इस क्षेत्र में करियर की असीम संभावनाओं से परिचित कराना था. इस दौरान कार्यक्रम में राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो, अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त फोटोग्राफर एवं बैकलाइट पिक्चर्स फिल्म एंड फोटोज़ के संस्थापक सौरव भगत, डॉ. सुब्रत सिंह व अन्य उपस्थित रहे. बताया गया कि सौरव भगत को पूरे झारखंड राज्य में बेस्ट वेडिंग एंड इवेंट फोटोग्राफर के पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है. हाल ही में उन्हें दुबई की एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय फोटोग्राफी कंपनी ने आमंत्रित किया था. जहां उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय मॉडल्स और फैशन कंपनियों के साथ काम किया और भारत का प्रतिनिधित्व किया. उन्होंने कैमरा हैंडलिंग, लाइटिंग, फ्रेमिंग, एडिटिंग और विजुअल नैरेटिव जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की.विद्यार्थी पढ़ाई के साथ इस कौशल को भी अपनाएं. मौके पर गोपी कृष्ण दास, शिव दास, प्रिंस राज, प्रीतम दत्ता, पवन मंडल एवं सैकड़ों विद्यार्थियों उपस्थित थे.

**दक्षिण पूर्व रेलवे, ठिका़**

भारत रेन राष्ट्रपति सेच् खोन, महाप्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 लातार रे ओलाकान कामीको लागित् ई-ठिकाको नेवतायेत् कानाः **ठिका संख्याः बीआर-मु ख्यालय-एडीए-आरएनसी-25-26-06; कामी रेयाक् बानाडाय;**''रांची आद्रा मंडल''-''100 किमी प्रति घंटा रेयाक् तापिस ते 25टी एक्सल वाला मालगाडीको चालाक् लागित् पुलको रेयाक् दोड़हा ते गर्डरिंग (ए) ओरगा-हाती खंड रेयाक् पुल सं या 489 (9318.3 मीटर)आर 574 (6X18.3 मीटर) (बी) ओरगा-हटिया खंड रेयाक् पुल सं या 520(11X18.3 मीटर) (सी) मुरी-कोटशिला खंड रेयाक् पुल सं या 156 अप (9X18.3 मीटर) (डी) आद्रा - गोमो खंड रेयाक् पुल संख्या 409 अप (5X12.2 मीटर + 5X30.5 मीटर) (ई) आद्रा - चांडिल खंड रेयाक् पुल संख्या 414 डाउन (5X30.50 मीटर +1X24.40 मीटर) (एफ) आद्रा - मिदनापुर खंड रेयाक् पुल सं या 284 (13X18.3 मीटर) (जी) बोकारो स्टील सिटी- तालगड़िया खंड रेयाक् पुल संख्या 443 (1X18.3 मीटर) (एच) आद्रा - एन.बी.सी. गोमो खंड रेयाक् पुल सं या 412 डाउन (1X30.5 मीटर + 5X45.7 मीटर +1X12.2 मीटर) (आई) केटीडी - यूआरए स्टेशन रेयाक् पुलसंख्या 392 अप (2X18.3 मीटर) आर 394 अप (2X18.3 मीटर)।'' **ठिका़ रेयाक् पूंजीः** रु. 102,21,02,145.18; बायना पायसाः रु. 52,60,500.00;**ठिका़ कागोच रेयाक् पूंजीः** शून्य; **ठिका़ बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 08.12.2025 हिलोक् 11.30 बजे। **पुराउ सोमोयः**18 (अठारह) चान्दो। मोने मेनाक् ठिकादारको ठिकाको रेयाक् पुराउ बिवरोन/बानाडाय आर नोआ ठिका़ रेयाक् ओबोसता बाडाय लागित् दो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रेको चालाव दाड़ेयाक्आ जेमोन आपनार बोली ऑनलाइन तेको जामा दाड़ेयाक्। नोआ कामी लागित् भौतिक/मैनुअल ठिका़ दो बाङ आंगोचोक्आ।

(PR-781)

## धूमधाम से साथ मनाया गया जगधात्री पूजा

संताल एक्सप्रेस राजमहल-राजमहल रेलवे स्टेशन परिसर में गुरुवार को धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मां जगधात्री का पूजा किया गया. मिली जानकारी के अनुसार मां जगधात्री का पूजा पश्चिम बंगाल से आए रेलवे स्टेशन प्रबंधक घोष बाबू ने अपने क्वार्टर में शुरू किया था और वह लगातार एक दर्शकों से अधिक समय तक अपने क्वार्टर में ही वह पूजा अर्चना किया.जहां आज भी मां वहां पर विराजमान है.यहां से जाने के भी वह कई बार राजमहल आकर पूजा अर्चना किया.उसके बाद क्वार्टर सटे भव्य मां जगधात्री का मंदिर बनाया गया. और फिर पांच दशकों से इस मंदिर से पूजा अर्चना किया जा रहा है. इस संबंध में राजमहल रेलवे स्टेशन प्रबंधक दिलीप कुमार ने बताया कि राजमहल के लिए ऐतिहासिक व गौरव की बात है कि पश्चिम बंगाल के चंदन नगर में जिस प्रकार जगधात्री पूजा का आयोजन होता है.

# प्रतिबंध के बाबजूद भी लिट्टीपाड़ा क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक रही है ,अवैध लॉटरी टिकट

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़ )।थाना क्षेत्र में अवैध लॉटरी का खेल काफ़ी पुराना है। इसके बाबजूद अवैध लॉटरी के कारोबार पर लगाम लगाने में प्रशासन नाकाम है। अवैध लॉटरी के कारोबार से जुड़े माफिया लाखो करोडो की सम्पति अर्जित कर चुकी है। जबकि झारखंड में प्रतिबन्ध के बाबजूद भी खुलेआम अवैध लॉटरी टिकट की खरीद बिक्री का खेल धड़ल्ले से चल रहा है।लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र में अवैध लॉटरी के साम्राज्य माफियाओ के द्वारा चला रहा है। इसके बाबजूद पुलिस इस लॉटरी माफियाओ तक पहुंचने में विफल




साबित हो रहा है। लॉटरी माफिया पुलिस के आँखों में धूल झोंककर अवैध लॉटरी के कारोबार को चला रहे है। इस खेल में माफिया भोले - भाले लोगो को जाल में फंसाकर अवैध लॉटरी टिकट को खपाने का काम करते है यहाँ तक की प्रखंड क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा चौक - चौराहे में डहरलंगी चौक, सठिया, मागभीटा इत्यादि जगह में जा के अवैध ए टी एम नामक लॉटरी की खुल कर बिक्री हो रही है। अवैध लॉटरी के कारोबार से माफिया की रोज चांदी ही चांदी कट रही है। लेकिन जल्दी अमीर होने के चक्कर में गरीब लोग अपनी सारी मेहनत की कमाई को लॉटरी में उड़ा देते है। ए टी एम लॉटरी की सबसे ज्यादा बिक्री लिट्टीपाड़ा क्षेत्रों में हो रही है।

## डीएमओ ने मानसिंहपुर स्थित जियाउल शेख का क्रशर को किया बंद,विद्युत आपूर्ति भी किया अवरुद्ध



संताल एक्सप्रेस संवाददाता हिरणपुर (पाकुड़) अंचल क्षेत्र के मानसिंहपुर स्थित जियायल शेख उर्फ (पालगा ) का क्रशर की जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में बुधवार देर शाम को सघन जांच की गई। जहां क्रशर को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया। और आवागमन मार्ग को भी जेसीबी से खोदकर बंद कर दिया।जांच के दौरान पर्यावरण प्रोजेक मैनेजर अमूल कुमार बास्की , विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता शैलेन्द्र बेसरा , सीओ मनोज कुमार मुख्य रूप से शामिल थे। मिली शिकायत को लेकर डीएमओ ने क्रशर की जांच किया व कागजातों का भी अवलोकन किया। इसके बाद क्रशर को तुरन्त बन्द करने का निर्देश दिया।वही विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता ने क्रशर में विद्युत आपूर्ति को तत्काल अवरुद्ध कर दिया गया। उधर अंचल कर्मियों द्वारा प्रतापपुर मौजा में जियाउल शेख द्वारा ली गई नई लीज जमीन का भी मापी की गई । बताते चले कि इस जमीन को लेकर कुछ रैयतों ने सम्बन्धित विभाग से शिकायत किया था ।इस सम्बंध में डीएमओ ने बताया कि क्रशर की सघन जांच की गई है। इसको लेकर क्रशर को बंद कर दिया गया है। क्रशर व पत्थर खदान से सम्बंधित कागजातों की जांच की जा रही है। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल पत्थर उद्योग में प्रशासनिक कार्रवाई से क्षेत्र में खलबली मचा हुआ है। विभाग को हिरणपुर अंचल क्षेत्र में निर्धारित लीज से अधिक जमीन पर की गई खनन कि भी जांच करना आवश्यक है। जिसमे की कई चौकाने वाले मामला सामने आएगा।

## नाबालिक लड़की का अपहरण का प्राथमिकी दर्ज

राजमहल- राजमहल थाना क्षेत्र के नाबालिग लड़की के पिता ने अपनी लड़की का अपहरण करने के मामले को लेकर थाना में प्राथमिक दर्ज कराई है. मामले को लेकर बताया है कि 26 अक्टूबर 2025 की रात्रि महेशपुर थाना क्षेत्र के निवासी सुमित मंडल ने अपने एक अज्ञात सहयोगी के साथ मिलकर मेरी नाबालिक पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ षड्यंत्र के तहत घर से निकाल कर लेकर चला गया. और मेरे आस-पास के लोगों ने ऐसा करते देखा हल्ला किया तो सुमित मंडल मोटरसाइकिल में मेरी पुत्री को पीछे बैठाकर भाग गया. मामले को लेकर थाना कांड संख्या 386/ 25 में प्राथमिक की दर्ज कराई है. वही मामले को लेकर राजमहल थाना पुलिस छानबीन में जुटी.

## मारपीट मामले में दो आरोपी को किया गिरफ्तार

उधवा- राधानगर थाना क्षेत्र के फुदकीपुर गांव में हुई मारपीट मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के फुदकीपुर निवासी इंद्रजीत दास ने घटना के बाद थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया था. पीड़ित इंद्रजीत दास ने पुलिस को आवेदन देकर मारपीट का आरोप लगाते हुए प्रीतम मंडल, विवेक मंडल, फेकन मंडल, माणिक मंडल को नामजद आरोपी बनाया था. उन्होंने आरोप लगाया था कि सभी आरोपित षड्यंत्र के तहत जान मारने के नियत से मारपीट किया है. साथ ही पीड़ित के द्वारा कई गंभीर आरोप लगाया गया है. इस दौरान पुलिस ने पीड़ित के दिए गए आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बीएनएस के तहत प्रीतम मंडल, विवेक मंडल, फेकन मंडल व माणिक मंडल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है. ज्ञात हो कि इसके पूर्व में भी शराब दुकान में घुसकर तोड़फोड़ व स्टाफ के साथ मारपीट व नगदी छीनने की घटना को लेकर दुकानदार इंद्रजीत दास ने थाना में शिकायत दर्ज कराया था। जिसमें गांव के ही प्रीतम मंडल,सूजन मंडल सहित कई लोगों पर मारपीट व तोड़फोड़ का आरोप लगाया था।

## चक्रवाती तूफान 'मोन्था' ने मचाई तबाही, किसानों की उम्मीदों पर फिरा पानी



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। चक्रवाती तूफान मोन्था का असर अब झारखंड के पाकुड़ जिले में साफ़ दिखने लगा है। पिछले 24 घंटे से रुक-रुक कर हो रही बारिश और तेज़ हवाओं ने जनजीवन के साथ-साथ खेतों को भी बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। मौसम विभाग की चेतावनी सही साबित हुई–अब असर सीधे किसानों की मेहनत पर पड़ रहा है। तेज़ हवाओं और लगातार बारिश से धान की तैयार फसलें खेतों में लटक गईं। जिन खेतों में अगले हफ्ते कटाई की तैयारी थी, वहां अब धान की बालियां मिट्टी में समा गई हैं। कई किसानों ने बताया कि उन्होंने पूरे मौसम मेहनत की थी, लेकिन तूफान की एक ही रात ने सबकुछ चौपट कर दिया। केवल धान ही नहीं, सरसों की शुरुआती फसल भी इस झंझावात की चपेट में आ गई है। हवा की तेज़ रफ्तार से सरसों की कोमल पौधें झुक गई हैं, जिससे पैदावार पर सीधा असर पड़ने की आशंका है। ग्रामीण इलाकों में पेड़-पौधों के गिरने और बिजली बाधित होने की भी खबरें हैं।जिला प्रशासन ने किसानों को सतर्क रहने और जरूरत पड़ने पर कृषि विभाग से संपर्क करने की अपील की है। वहीं, मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटे तक हल्की से मध्यम बारिश और तेज़ हवा की संभावना जताई है।

## मतदाता सूचियों में पुनरीक्षण कार्य की प्रगति को लेकर हुई समीक्षात्मक बैठक

पाकुड़। जिला निर्वाचन सह उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में सभी ईआरओ, एईआरओ, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं बीएलओ सुपरवाइजरों के साथ मतदाता सूचि व तीनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता सूची मैपिंग कार्य की स्थिति की समीक्षा की गई।सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मैपिंग कार्य को युद्ध स्तर पर पूरा किया जाए तथा कल तक हर हाल में ईआरओ के माध्यम से एक्सेल फॉर्मेट में रिपोर्ट विभाग को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य अत्यंत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण है। अतः सभी पदाधिकारी गंभीरता, सटीकता और समयबद्धता के साथ कार्य करें, ताकि जिले में आगामी निर्वाचन प्रक्रिया के लिए मतदाता सूची पूर्ण रूप से अद्यतन और त्रुटिरहित तैयार की जा सके।

## पुत्रवधु की हत्यारोपी सास व ससुर ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

संताल एक्सप्रेस संवाददाताहिरणपुर (पाकुड़)। पुलिस की निरन्तर छापेमारी के कारण जबरदहा में बीते 12 अक्टोबर की रात हुई महिला बिंदु कुमारी की हत्या मामले के आरोपी ससुर राजेन्द्र साहा व सास सुनीता देवी ने गुरुवार को पाकुड़ न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। गोड्डा जिला अंतर्गत छोटा बोआरीजोर निवासी माखनलाल साहा की बहन बिंदु कुमारी की शादी बीते चार वर्ष पूर्व जबरदहा थाना पाडा निवासी आकाश कुमार साहा के साथ हुई थी। जिसका तीन वर्ष का एक बच्चा भी है। दहेज के कारण महिला की मौत को लेकर हिरणपुर थाना में मामला दर्ज कर पांच लोगों को आरोपी बनाया गया था। इसमे से पति आकाश कुमार को घटना के दूसरे दिन हिरणपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। वही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस बंगाल में निरन्तर छापेमारी कर रही थी। पुलिस की छापेमारी के कारण सास व ससुर ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। वही अन्य आरोपी महिला के जेठ रविरंजन साह व ननद रामपुरहाट बंगाल निवासी राधिका गुप्ता अभी तक फरार चल रहे है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि दो आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। अन्य दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एसडीपीओ ने किया मासिक समीक्षात्मक बैठक



महेशपुर (पाकुड़ )एसडीपीओ बिजय कुमार ने गुरुवार को थाना पहुंचकर मासिक समीक्षातमक बैठक किया। एसडीपीओ ने बैठक में उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारीयों से मासिक केस का समीक्षा किया एवं थाना में रेजिस्टेड मामला की फाइलों का अवलोकन किया । साथ ही जल्द से जल्द सम्बंधित मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि थाने पर पदस्थापित सभी पदाधिकारी के पास लंबित पड़े ममला को जल्द निष्पादन करें ।मौके पर थाना प्रभारी रबी शर्मा,दीपक कुमार,समेत अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे

## मनाई गई अक्षय नवमी, आंवले के वृक्ष तले उमड़ी महिलाओं की भीड़



अमड़ापाड़ा (पाकुड़)कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर गुरुवार को अमड़ापाड़ा सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था के साथ अक्षय नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर अहले सुबह से ही महिलाएं स्नान-ध्यान कर पवित्र होकर स्थानीय बाजार स्थित शिव-पार्वती मंदिर प्रांगण पहुंचे जहां आंवले के वृक्ष के नीचे विधिवत पूजा-अर्चना की गई. पूजा के उपरांत महिलाओं ने लाल धागा बांधकर वृक्ष की परिक्रमा की और अक्षय नवमी की कथा सुनी. कथा श्रवण के बाद श्रद्धालुओं ने पुरोहितों को दान-दक्षिणा अर्पित की. इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही. वहीं पुरोहितों ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी से लेकर पूर्णिमा तक भगवान विष्णु आंवले के वृक्ष पर निवास करते हैं. इस दिन आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना कर दान करने से अक्षय फल और पुण्य की प्राप्ति होती है. कहा जाता है कि नवमी के दिन किया गया दान-पुण्य अन्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक फलदायी होता है. वहीं आंवला वृक्ष की 108 बार परिक्रमा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं.

## जल एवं स्वच्छता समिति का बैठक संपन्न

महेशपुर (पाकुड़ )प्रखंड के शहरग्राम में जल एवं स्वच्छता समिति (डुब्लुस्ट) का बैठक जलशहिया रुक्मिणी देवी के द्वारा मुखिया सुजाता हेंब्रम के उपस्थिति में की गई। इस बैठक में सर्व समिति से निम्न प्रस्ताव पारित किया गया।जिसमे पानी टंकी को साफ करने और टंकी के पास गंदा पानी जमा होने से रोकने के लिए स्वच्छता गड्ढा बनवाने का निर्णय लिया गया। इससे ग्रामीणों को बीमारी से मुक्त रखने और डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाने में मदद मिलेगी।इस मौके पर पंचायत मुखिया सुजाता ,जल सहिया समेत कई लोग मौजूद थे।

## बैठक में बरहरवा में 23 नवंबर को क्रॉस कंट्री मैराथन प्रतियोगिता के आयोजन पर चर्चा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा - वर्षों से नया टोला युवा समिति बरहरवा के तत्वावधान में आयोजित की जाने वाली क्रॉस कंट्री मैराथन प्रतियोगिता इस वर्ष भी बड़े उत्साह के साथ आयोजित की जाएगी.समिति ने घोषणा की है कि इस वर्ष की प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 23 नवंबर रविवार को किया जाएगा. इस अवसर पर समिति के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को हुई, जिसमें प्रतियोगिता से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई.बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष केवल संथाल परगना की 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिलाएं ही प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगी. विजेताओं को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएंगा.जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली को 21,000 रूपया व ट्रॉफी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली को 15,000 रूपया व ट्रॉफी एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली को 10,000 रूपया व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी. इसके अतिरिक्त चौथे से तेरहवें स्थान तक के प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन स्वरूप आकर्षक उपहार दिए जाएंगे.सभी प्रतिभागियों को जूते पहनकर ही भाग लेने की अनुमति होगी तथा उन्हें अपने साथ आधार कार्ड की मूल या छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा. किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन सख्त वर्जित है और नियमों का उल्लंघन करने पर समिति द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी.प्रतिभागी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पंजीकरण कर सकते हैं. साथ ही प्रतिभागी अपनी जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से 9122582058, 9162516790 या 9110143509 पर भेजकर भी पंजीकरण करा सकते हैं. बैठक में प्रतियोगिता की सफलता हेतु विभिन्न तैयारियों की समीक्षा की गई.इस दौरान समिति के सदस्य विजय यादव, गौरव झा, अजय यादव, सौभिक सरकार, मानव दास, अमन चौबे, विक्की, आयुष, पार्थिव, सागर, ऋतिक शर्मा, अंश झा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

# स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता समारोह में उत्कृष्ट समितियों को मंत्री हफीजुल ने किया सम्मानित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मधुपुर :** नगर परिषद मधुपुर के तत्वावधान में %स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता 2025 के तहत नगर परिषद सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, जल संसाधन मंत्री सह स्थानीय विधायक हफीजुल हसन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

?सम्मान समारोह में एसडीओ राजीव कुमार, सीओ यामुन रविदास, और नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कू भी उपस्थित थे, मंत्री हफीजुल हसन द्वारा विजयी पूजा समिति के प्रतिनिधियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।



**स्वच्छ पूजा पंडाल (सौंदर्य और स्वच्छता के लिए):**

**प्रथम स्थान:** श्री श्री न्यू कॉलोनी रेलवे दुर्गा पूजा समिति

**द्वितीय स्थान:** श्री श्री सिद्धेश्वरी दुर्गा मंदिर, थाना मोड़

**तृतीय स्थान:** पुरानी धर्मशाला गांधी चौक पूजा समिति को दिया गया।

विधि व्यवस्था (सर्वोत्तम अनुशासन और प्रबंधन के लिए):

**प्रथम स्थान:** डंगाल पाड़ा दुर्गा पूजा समिति

**द्वितीय स्थान:** पुलपार दुर्गापूजा समिति

**तृतीय स्थान:** कालीपुट टाउन पूजा समिति एवं

**विशेष सम्मान:** मीना बाजार काली पूजा समिति को दिया गया।

पूजा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग देने के लिए विद्युत विभाग के सहायक अभियंता दीपक कुमार और उनके कर्मी बासुदेव दास, मुकेश, मुनमुन, मो तुफैल, साथ ही सफाई प्रभारी मनोहर कुमार दास, अमरजीत पासवान, राजीव कुमार और तुलसी हाडी को भी सम्मानित किया गया। अन्य पूजा समितियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

अपने संबोधन में मंत्री हफीजुल हसन ने मधुपुर की जनता और प्रशासन को शांतिपूर्ण पूजा संपन्न कराने के लिए बधाई दी और कहा कि शहरवासियों ने एक बार फिर मधुपुरियत को कायम रखा है।

उन्होंने एचडीएफसी बैंक डकैती का जिक्र करते हुए कहा कि अपराधियों ने एक महीने तक रैकी की थी। उन्होंने घटना का उद्भेदन करने वाली पुलिस टीम की सराहना की लेकिन चेतावनी दी कि अपराधी अभी भी मधुपुर को सॉफ्ट जोन मान रहे हैं, इसलिए सभी लोग सतर्क रहें।

# अक्षय नवमी पर आंवला वृक्ष की पूजा कर महिलाओं ने मांगा सुख-समृद्धि का वरदान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मधुपुर :** कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर, गुरुवार को, शहर में अक्षय नवमी (आंवला नवमी) का पर्व पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। सैकड़ों महिलाओं ने इस अवसर पर आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना कर अपने परिवार के लिए सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। शहर के राजवाड़ी रोड स्थित आंवला वृक्ष स्थल पर सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। महिलाओं ने विधि-विधानपूर्वक पूजा की, वृक्ष की परिक्रमा की, और रक्षा सूत्र बांधकर भुआ दान किया। श्रद्धालुओं ने पुजारी द्वारा अक्षय नवमी की कथा का श्रवण किया, जिससे उन्होंने पुण्य अर्जित किया। इसके बाद वृक्ष की छाया में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। राजवाड़ी रोड के अलावा,



पंच मंदिर रोड, मीना बाजार, रेलवे न्यू कॉलोनी, और नया बाजार सहित कई अन्य स्थानों पर भी महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। पंडितों और धर्मग्रंथों के अनुसार, अक्षय नवमी का विशेष महत्व है: अक्षय नवमी पर आंवला वृक्ष की पूजा करने से अखंड सौभाग्य, आरोग्य और संतान सुख की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि इस दिन किया गया दान और पूजन अक्षय फल प्रदान करता है और उसका पुण्य कभी नष्ट नहीं होता।

?इसके अलावा, यह भी बताया जाता है कि द्वापर युग का आरंभ इसी तिथि को हुआ था।

# कड़ी सुरक्षा के बीच रेल समपार फाटक स्थायी रूप से बंद, ग्रामीणों में बढ़ी मायूसी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मधुपुर :** मधुपुर-गिरिडीह मुख्य रेल मार्ग पर रेलवे ट्रेनिंग पार्क के समीप स्थित महत्वपूर्ण रेल समपार फाटक को गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्थायी रूप से बंद कर दिया गया। रेलवे के इस कदम से आस-पास के ग्रामीणों में गहरी मायूसी छा गई है।

फाटक को बंद करने की प्रक्रिया के दौरान रेलवे प्रशासन, आरपीएफ पोस्ट प्रभारी हरेन्द्र कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर धमेन्द्र प्रसाद सहित पर्याप्त संख्या में महिला और पुरुष पुलिस बल मौके पर मौजूद थे।

रेल प्रशासन ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए फाटक बंद करने की तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की थी और इसकी सूचना पूर्व में ही नोटिस चिपकाकर दी जा चुकी थी।

ग्रामीणों की नाराजगी और आवागमन की चुनौती

सपहा गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने पिछले दिनों इस फाटक को बंद करने के निर्णय का कड़ा विरोध किया था। ग्रामीणों का कहना है कि वे वर्षों से इसी मार्ग का उपयोग आवागमन के लिए करते आ रहे हैं।



फाटक बंद हो जाने के कारण अब उन्हें मधुपुर बाजार आने-जाने के लिए लगभग सात किलोमीटर लंबा अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ेगा, जिससे उनके दैनिक जीवन और कामकाज पर सीधा असर पड़ेगा।

हालांकि यह निर्णय सुरक्षा कारणों से लिया गया है, लेकिन ग्रामीणों में नाराजगी और मायूसी का माहौल बना हुआ है।

मायूस ग्रामीण अब प्रशासन से वैकल्पिक मार्ग की तत्काल व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं, ताकि उन्हें आवागमन में होने वाली इस बड़ी कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# देवघर के प्रतिभावान शटलर धनबाद रवाना, राज्यस्तरीय बैडमिंटन ट्रायल में दिखाएंगे दम

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** झारखंड बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में धनबाद जिला बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय नेशनल सिलेक्शन ट्रायल में देवघर के उभरते हुए खिलाड़ी हिस्सा लेने जा रहे हैं। यह प्रतियोगिता धनबाद में 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित की जा रही है, जिसमें अंडर 15 और अंडर 17 आयु वर्ग के बालक व बालिका वर्ग के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

देवघर जिला से लाडली रोज, श्रृष्टि सुमन, माही, नेहा कुमारी, श्रेयांश केशरी, श्रेयांश कश्यप, अभिषेक और ऋषभ धनबाद के लिए रवाना हो गए हैं। टीम की कोच सोनाली दुबे और मैनेजर नवीन शर्मा हैं। ये



सभी खिलाड़ी जिला खेल प्राधिकरण देवघर के तहत संचालित लक्ष्य बैडमिंटन अकादमी इनडोर स्टेडियम में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष आशीष झा, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्णवाल, सचिव कनिष्क कश्यप, कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा, सुरेशनंद झा, अभय यादव, अमित कुमार, पंकज चौधरी, देव और कमलेश ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि देवघर के खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से जिले का नाम राज्यस्तर पर गौरवान्वित करेंगे।

# कोलकाता और छपरा के बीच विशेष ट्रेन से यात्रियों को राहत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** छठ पर्व के उपरांत यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने कोलकाता और छपरा के बीच एक अनारक्षित विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से त्योहार समाप्ति के बाद घर लौटने या कार्यस्थल जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे के अनुसार, ट्रेन संख्या 05088 छपरा-कोलकाता अनारक्षित विशेष ट्रेन 30 अक्टूबर 2025 को दोपहर 2 बजकर 5 मिनट पर छपरा से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 6 बजे कोलकाता पहुँचेगी।



वहीं, ट्रेन संख्या 05087 कोलकाता-छपरा अनारक्षित विशेष ट्रेन 31 अक्टूबर 2025 को सुबह 9 बजे कोलकाता से खुलेगी और अगले दिन तड़के 1 बजकर 30 मिनट पर छपरा पहुँचेगी। यह विशेष ट्रेन दोनों दिशाओं में नैहाटी, बण्डेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किउल, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। रेलवे का यह कदम छठ पर्व के बाद होने वाली अतिरिक्त यात्रा मांग को पूरा करते हुए यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक यात्रा का अवसर प्रदान करेगा।

## कुंडेश्वरी मंदिर में देवी जगद्धात्री की विशेष पूजा



**देवघर।** कुंडा स्थित प्रसिद्ध कुंडेश्वरी मंदिर में गुरुवार को देवी जगद्धात्री की विशेष पूजा अर्चना भव्य श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। प्रातः काल से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूजारी द्वारा विधि-विधानपूर्वक मां जगद्धात्री की पूजा की गई और मां को विविध प्रकार के प्रसाद व भोग अर्पित किए गए। पूरे दिन मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु कुंडेश्वरी मंदिर पहुंचे और मां जगद्धात्री की आराधना कर परिवार एवं समाज की मंगलकामना की। पूजा के दौरान भक्तों ने देवी के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान कर दिया। बंद्योपाध्याय परिवार के अयनाभो बनर्जी ने जानकारी दी कि 30 अक्टूबर, गुरुवार को प्रातः 8 बजे से पूजा प्रारंभ हुई, जो संध्या 8 बजे तक अनवरत रूप से जारी रही। उन्होंने बताया कि यह स्थान ऐतिहासिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि कहा जाता है कि जब श्रीरामकृष्ण परमहंस लगभग 19 या 20 वर्ष के थे, तब वे इसी पावन स्थल पर आए थे।

## सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी आज

**देवघर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार 31 अक्टूबर को देवघर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर के.के.एन. स्टेडियम से सुबह 10 बजे से रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, संगठन पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और युवाओं के शामिल होने की संभावना है। जिला महामंत्री अधीर चंद्र भैया और संतोष उपाध्याय ने सभी जिला पदाधिकारियों, प्रदेश कार्य समिति सदस्यों, सांसदों, विधायकों, मंडल अध्यक्षों, विभिन्न मोर्चा पदाधिकारियों तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाएं। भाजयुमो जिलाध्यक्ष आशीष दुबे ने कहा कि सरदार पटेल के जीवन से देशभक्ति, एकता और संगठन की प्रेरणा मिलती है। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देश की एकता और अखंडता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

## अपर समाहर्ता ने सुनी लोगों की समस्याएं

**देवघर।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर गुरुवार को जिला मुख्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर समाहर्ता हीरा कुमार ने की। जनता दरबार में जिलास्तर के सभी विभागों के अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे ताकि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान स्थल पर ही किया जा सके। जनता दरबार में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों से आए लोगों ने भू-अर्जन एवं मुआवजा भुगतान,अनुकंपा नियुक्ति, बिजली बिल माफी, झारखंड मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना, फसल बीमा, भू-राजस्व, पेंशन और आवास योजना से जुड़ी समस्याएं रखीं। अपर समाहर्ता ने एक-एक कर सभी शिकायतकर्ताओं की बातें सुनीं और भरोसा दिलाया कि सभी मामलों की जांच कराते हुए शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। मौके पर विभिन्न विभागों से संबंधित कई शिकायतें आवेदन के रूप में प्राप्त हुईं। अपर समाहर्ता हीरा कुमार ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सभी आवेदनों की भौतिक जांच कर एक सप्ताह के भीतर समाधान सुनिश्चित करें और अपनी प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि निष्पादन की समीक्षा की जा सके।



## शिव महापुराण कथा 14 नवंबर से 20 तक होगी

**देवघर।** महापुराण कथा वाचक प्रदीप मिश्रा (सीहोर) द्वारा बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में आयोजित होने वाली श्री शिव महापुराण कथा 14 नवंबर से 20 नवंबर तक संपन्न होगी। आगामी कार्यक्रम को लेकर तैयारियों की समीक्षा और चर्चा जोरों पर है। आयोजन समिति के सदस्यों ने गुरुवार को कथा स्थल का निरीक्षण किया और पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सूत्रों के अनुसार, इस भव्य धार्मिक आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कथा स्थल पर प्रतिदिन भोजन प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। करीब 500 वॉलेंटियर पूरे कार्यक्रम के दौरान संचालन एवं अनुशासन व्यवस्था संभालेंगे। मैदान की सफाई, मंच सज्जा और सुरक्षा व्यवस्था का कार्य निरंतर जारी है। आयोजकों ने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए यातायात और पार्किंग व्यवस्था को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है।



# मोंथा चक्रवात का असर, भारी बारिश की संभावना, डीसी ने अधिकारियों को सतर्क रहने का दिया निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** मोंथा चक्रवात के प्रभाव से जिले में लगातार हो रही बारिश के बीच मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी दिनों में अत्यधिक वर्षा और वज्रपात की संभावना जताई है। इस पर गंभीरता दिखाते हुए डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को सतर्क रहने और आवश्यक तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं। डीसी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य व्यवस्था और सड़कों की स्थिति पर विशेष निगरानी रखें।

किसी भी आपात सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वरीय पदाधिकारी को सूचित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि आंधी-तूफान या जलजमाव की स्थिति में यदि किसी सड़क पर आवागमन बाधित होता है तो उसे शीघ्र सुचारू कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। लगातार हो रही वर्षा के कारण ग्रामीण इलाकों में कच्चे मकानों के ढहने की संभावना को देखते हुए डीसी ने सभी प्रखंडों को सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि किसी व्यक्ति या परिवार को आश्रय की समस्या उत्पन्न होती है तो उन्हें नजदीकी स्कूल भवन, पंचायत भवन या अन्य सुरक्षित स्थलों पर अस्थायी रूप से ठहराने की व्यवस्था की जाए, ताकि किसी तरह की जनहानि न हो। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने जिलावासियों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान बिना आवश्यकता अपने घरों से बाहर न निकलें और सतर्कता बरतें।

# लोकप्रिय एक्सप्रेस ट्रेनों में बढ़ाए जाएंगे अतिरिक्त कोच, यात्रियों को मिलेगा और अधिक सुविधा का लाभ

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेल ने लोकप्रिय एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। यह कदम यात्रियों के यात्रा अनुभव को और बेहतर बनाने तथा बढ़ती टिकट मांग को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। रेलवे ने पूरे वर्ष के दौरान विभिन्न मार्गों पर बढ़ते यात्री दबाव को देखते हुए कई ट्रेनों में एसी और शयनयान श्रेणी के कोचों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस क्रम में 13418/13417 मालदा टाउन दीघा मालदा टाउन एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी 3-टियर इकोनॉमी क्लास तथा एक शयनयान श्रेणी का कोच स्थायी रूप से जोड़ा जाएगा। यह व्यवस्था 6 नवंबर 2025 से मालदा टाउन और दीघा दोनों स्टेशनों से प्रभावी होगी। इस परिवर्तन के बाद उक्त ट्रेन अब 14 कोच के बजाय 16 कोचों के साथ चलेगी। इसी प्रकार 19608/19607 मदार जंक्शन कोलकाता मदार जंक्शन साप्ताहिक एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी 2-टियर कोच जोड़ा जाएगा। यह व्यवस्था 3 नवंबर से 24 नवंबर 2025 तक मदार जंक्शन से तथा 6 नवंबर से 27 नवंबर 2025 तक कोलकाता से प्रभावी रहेगी। वहीं 12988/12987 अजमेर सियालदह अजमेर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त प्रथम श्रेणी एसी कोच जोड़ा जा रहा है। यह कोच 1 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक अजमेर से और 2 अक्टूबर से 1 दिसंबर 2025 तक सियालदह से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा 12495/12496 बीकानेर कोलकाता बीकानेर एक्सप्रेस में भी एक अतिरिक्त एसी 3-टियर इकोनॉमी क्लास और एक शयनयान श्रेणी का कोच जोड़ा जाएगा। यह परिवर्तन 6 नवंबर से 27 नवंबर 2025 तक बीकानेर से तथा 7 नवंबर से 28 नवंबर 2025 तक कोलकाता से प्रभावी रहेगा। रेलवे के इस निर्णय से यात्रियों को विशेष रूप से त्योहारी और भीड़भाड़ के समय में राहत मिलेगी।

# विद्यार्थियों को कुष्ठ रोग की पहचान और उपचार पर मिला प्रशिक्षण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय, देवघर में एम्स देवघर के छात्रों को कुष्ठ रोग की पहचान एवं उसके उपचार से संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार गुप्ता और जिला कुष्ठ समन्वयक डॉ. राजेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने छात्रों को कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान, रोगी के प्रति संवेदनशील व्यवहार, तथा आधुनिक उपचार पद्धतियों की जानकारी दी। साथ ही, सामुदायिक स्तर पर जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। इस पहल का उद्देश्य



मेडिकल छात्रों को कुष्ठ रोग नियंत्रण अभियान से जोड़ते हुए उन्हें जमीनी स्तर पर कार्य करने के लिए तैयार करना है, ताकि भविष्य में इस बीमारी के उन्मूलन के प्रयासों को और मजबूती मिल सके।

# देवघर पुलिस की साइबर अपराध के विरुद्ध पहल, मोहनपुर के गांव से शुरू हुआ जनजागरण अभियान



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए देवघर पुलिस ने गुरुवार को मोहनपुर थाना क्षेत्र के मोरने गांव से व्यापक जनजागरण अभियान की शुरुआत की। पुलिस अधीक्षक सौरभ के आदेशानुसार आरंभ किए गए इस साइबर जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक साइबर सुरक्षा की जानकारी पहुंचाना और आम नागरिकों को ठगी से बचने के उपायों से अवगत कराना है। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराध के खिलाफ देवघर पुलिस पूरी तरह सजग है और ऐसे अपराधों में शामिल लोगों पर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही जनता को भी साइबर अपराध के विरुद्ध जागरूक बनाकर पुलिस को सहयोग देने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि सूचना संकलन के माध्यम से साइबर अपराधियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी तथा ऐसे अपराधियों को संरक्षण देने वालों को भी बख्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर साइबर थाना देवघर के वरीय पुलिस उपाधीक्षक राजा मित्रा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह,साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णदत्त झा,मोहनपुर थाना प्रभारी प्रिय रंजन, साइबर थाना के अवर निरीक्षक प्रभात कुमार और आरक्षी सरोज कुमार झा उपस्थित थे।

# हर घर तक शुद्ध पेयजल व स्वच्छता सुनिश्चित करने को लेकर डीसी की सख्ती



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** डीसी प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने दोनों प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इस दिशा में कार्यपालक अभियंताओं को पूरी गंभीरता और तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिया गया।

डीसी ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर तक चालू नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके लिए मल्टी विलेज स्कीम, सिंगल विलेज स्कीम, सिंगल विलेज क्लस्टर स्कीम, पीएम जनमन अंतर्गत टैप कनेक्शन, पीवीटीजी और एसटी-एससी परिवारों के लिए संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए ताकि जिले का हर घर जल जीवन मिशन से जुड़ सके। उन्होंने एफएचटीसी फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और संबंधित अभियंताओं को कार्य की गति बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही सभी योजनाओं में आरएमएस रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम का अधिष्ठापन कर उसे क्रियाशील बनाए जाने की बात कही। डीसी ने विभिन्न विभागों से एनओसी से संबंधित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश, डीसी ने की समीक्षा बैठक

**देवघर।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में गुरुवार को डीसी कार्यालय सभागार में शिक्षा विभाग के स्थापना एवं पदस्थापन से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों के पदस्थापन, सेवा संपुष्टि तथा शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान डीसी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाए रखने के लिए पदस्थापन प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, वहां शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करते हुए पदस्थापन की प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि शैक्षणिक कार्य प्रभावित न हो।

# आदर्श स्कूल ऑफ ताइक्कांडो के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयन, देवघर में खुशी की लहर

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर:** आदर्श स्कूल ऑफ ताइक्कांडो, देवघर के खिलाड़ी कार्तिक हेंब्रम, पार्थ कांत, तृषा ठाकुर और न्यासा भारद्वाज का चयन पंजाब के जालंधर में आयोजित होने वाली 8वीं कैडेट (12-14 वर्ष) राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह चयन हाल ही में गोड्डा के महगामा में आयोजित चतुर्थ झारखंड ताइक्कांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने के आधार पर किया गया है। सभी खिलाड़ी 19 नवंबर को जालंधर के लिए रवाना होंगे। कार्तिक हेंब्रम इससे पहले 2024 में रायपुर में आयोजित सब-जूनियर राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप में झारखंड टीम की ओर से खेल चुके हैं, जबकि बाकी तीन खिलाड़ी पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इस उपलब्धि से खिलाड़ियों के अभिभावक और परिजन बेहद खुश हैं। देवघर में भी



इस खबर से उत्साह का माहौल है। सभी खिलाड़ी जल्द ही जिला प्रशासन और जिला खेल पदाधिकारी से मुलाकात करेंगे। इस चयन पर झारखंड ताइक्कांडो संघ के सचिव नीरज कुमार, देवघर ताइक्कांडो संघ के अध्यक्ष अनूप कुमार, तथा राष्ट्रीय खिलाड़ी राजीव रंजन ने खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# बारिश में भींगकर ट्रैफिक संभालते दिखे देवघर ट्रैफिक प्रभारी, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** ड्यूटी के प्रति समर्पण की मिसाल पेश करते हुए देवघर ट्रैफिक प्रभारी संजय कुमार का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में वे मूसलाधार बारिश के बीच भी बिना छतरी या बरसाती के सड़क पर खड़े होकर ट्रैफिक व्यवस्था संभालते नजर आ रहे हैं। बारिश से भींगने के बावजूद वे पूरी मुस्तैदी से वाहन चालकों को दिशा-निर्देश देते हुए यातायात को नियंत्रित करते दिखे। मौसम चाहे



भीषण गर्मी का हो, सर्द हवाओं का या फिर तेज बारिश का, ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को हर स्थिति में सड़क पर डटे रहकर अपनी जिम्मेदारी निभानी होती है। इसी क्रम में देवघर ट्रैफिक प्रभारी संजय कुमार का यह वीडियो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। सोशल मीडिया पर लोग उन्हें सलाम कर रहे हैं और उनके कार्य की सराहना कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस कर्मी हर मौसम में जनता की सुरक्षा के लिए तत्पर रहते हैं ताकि किसी की जिंदगी की डोर सड़क पर न टूटे। प्रशासन और नागरिकों ने अपील की है कि लोग भी ट्रैफिक पुलिस की मेहनत का सम्मान करें और यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित तरीके से वाहन चलाएं।

## साहिबगंज में एनडीआरएफ का दो दिवसीय बाढ़ जल बचाव मॉक अभ्यास की शुरुआत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - जिला समाहरणालय के सभागार सभागार में गुरुवार को बाढ़ जल बचाव के तहत् 9 बीएन एनडीआरएफ पटना के सौजन्य से दो दिवसीय मॉक अभ्यास 30 व 31 अक्टूबर को आयोजित किया गया. इसी क्रम में गुरुवार को समाहरणालय में टेबल टॉप और मॉक अभ्यास से संबंधी बैठक आहूत की गई. जिसमें अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, एसडीपीओ सदर, थाना प्रभारी नगर/जिरवाबाड़ी/गंगा नदी , अग्नि शामक पदाधिकारी, आईटी मैनेजर,आपदा मित्र एवं गोताखोर के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे. शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शंकुतला सहाय घाट पर बाढ़ जल बचाव से संबंधी मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएंगा .जिसमें वास्तविक परिस्थिति का अनुकरण करते हुए बचाव एवं राहत कार्यों का अभ्यास किया जाएंगा.इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा के दौरान जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस बल एवं अन्य सहयोगी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है. ताकि बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने में तत्परता एवं दक्षता सुनिश्चित हो सके.

## महिलाओ ने अक्षय नवमी पर की आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना



साहिबगंज-साहिबगंज नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को महिलाओं ने उत्साहपूर्ण माहौल में कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी तिथि पर अक्षय नवमी मनाई.अक्षय नवमी के मौके पर साहिबगंज नगर के पुलिस लाइन शिव मंदिर, राजेश्वरी सिनेमा हॉल के पीछे शिव मंदिर परिसर सहित कई जगहो पर महिलाओ ने नये वस्त्र व चुनरी ओढ़ाकर आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना कर अक्षय सुहाग का वरदान मांगी. वहीं पुरोहित प्रमोद पांडे, पंकज पांडे लक्ष्मण उपाध्याय व शंभू नाथ पांडे ने निशा झा, मीना देवी, अनु शर्मा, अनुराधा देवी, कलावती देवी, निशा झा, अनु देवी, गोल्डी देवी सहित सैकड़ो महिलाओं का पूजन करवाएं और कथा सुनाएं. महिलाओ ने मनवांछित फल और घर परिवार के सुख शांति की कामना की.वही महिलाओं ने आंवला के पेड़ के नीचे भोजन बनाकर पुरे परिवार के साथ भोजन की.पुरोहित के अनुसार आंवला वृक्ष के नीचे भोजन ग्रहण करने की परंपरा है.

## रिमझिम बारिश व ठंडी हवाओं ने बिगाड़ा जनजीवन, ठंड ने दी दस्तक



संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा - पिछले दो दिनों से हो रही रुक-रुक कर बारिश और तेज हवाओं ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है.गुरुवार को दिन भर आसमान बादलों से घिरा रहा. बीच-बीच में रिमझिम और झमाझम बारिश से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया. लगातार भीगती सड़कों और जलजमाव से लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. वहीं स्कूली छात्र-छात्राओं को भी भीगते हुए स्कूल पहुंचना पड़ा. दुकानदारों को भी ग्राहक नहीं मिलने से दिनभर दुकानो पर सन्नाटा छाया रहा. ठंडी हवाओं के साथ तापमान में गिरावट महसूस की जा रही है. जिससे क्षेत्र में ठंड ने दस्तक दे दी है. लगातार बदलते मौसम ने लोगों को गर्म कपड़े निकालने पर मजबूर कर दिया है.

## कुश्ती प्रतियोगिता में यूपी के पहलवानों का दिखा दबदबा,विजेता पहलवान पुरस्कृत



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- सदर प्रखंड क्षेत्र के महादेवगंज गौशाला परिसर में दो दिवसीय गौशाला मेला पर झारखण्ड प्रदेश यादव महासभा द्वारा आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को यूपी के पहलवानों का दबदबा रहा.दुसरे दिन कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ झारखंड प्रदेश यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बजरंगी प्रसाद यादव, कार्यकारी अध्यक्ष रामाशीष यादव,प्रधान महासचिव इंद्रजीत यादव सहित अन्य अतिथियो ने किया.वही अतिथियों का स्वागत पगड़ी पहनाकर किया गया. कुश्ती देखने के लिए हजारो लोगो की भीड़ उमड़ी रही.राजेश यादव ने बताया कि कुश्ती में देवरिया के धमाका पहलवान,बनारस के मोहित पहलवान,विराट पहलवान , गाजीपुर के अमित पहलवान, साहिबगंज के दीपक यादव,पप्पू यादव,भागलपुर के गौतम पहलवान, झारखंड के राजन सिंह , कटिहार के करण पहलवान ने विजयी हासिल की.विजेता सभी पहलवानों को यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बजरंगी प्रसाद यादव,कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष यादव सहित अन्य अतिथियों ने ट्राफी,मोमेंटो एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया. मौके पर दारासिंह यादव,वासुकीनाथ यादव,बनारस यादव,अशोक यादव,कृष्णा शर्मा,विवेक यादव,यशराज यादव,नंदन यादव,बुधन सहित हजारों लोग मौजूद थे.

## बंगाली समुदाय के लोगों की प्रतिमा स्थापित कर मां जगधात्री की पूजा अर्चना



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - साहिबगंज नगर के बंगाली टोला दुर्गा मंदिर,नेताजी सुभाष कॉलोनी दुर्गा मंदिर सहित प्रखंड क्षेत्र कई मंदिरों व घरों में गुरुवार को बंगाली समुदाय के लोगों ने मां जगधात्री की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान के अनुसार पूजा अर्चना की.वही मंदिर परिसर में विधुत साज सज्जा किया गया है.शाम में मां जगधात्री को भोग लगाकर मौजूद भक्तजनों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. शुक्रवार को भक्तजनों के द्वारा ढ़ाक व गाजे बाजे के साथ मां जगधात्री की प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकाली जाएंगी.

## ट्रांसफार्मर से सामान चोरी, गांव में अंधेरा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- थाना क्षेत्र के भवानंदपुर गांव में बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने बिजली के ट्रांसफार्मर से आवश्यक उपकरण चुरा लिए. जिससे पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई.जानकारी के अनुसार राधानगर फीडर से भवानंदपुर गांव में 16 केवी ट्रांसफार्मर के माध्यम से लगभग 50 उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जाती थी. चोरी की आशंका को देखते हुए ट्रांसफार्मर को पहले से जंजीर से बांधकर सुरक्षित किया गया था. लेकिन बुधवार की शाम बारिश के दौरान अन्य गांवों में खराबी आने से भवानंदपुर की ओर बिजली आपूर्ति ठप हो गई. मौके का फायदा उठाते हुए चोरों ने ट्रांसफार्मर खोलकर अंदर के सभी कीमती सामान निकाल कर फरार हो गया. ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी ट्रांसफार्मर से सामान चोरी की घटना हो चुकी है. लेकिन अब तक किसी पर कार्रवाई नहीं हुई. इस कारण ग्रामीणों में नाराजगी है.इस संबंध में विभागीय जेई चंदन कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी ली जा रही है. शीघ्र ही ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर बिजली आपूर्ति बहाल की जाएंगी.


**तीनपहाड़ आर राजमहल ताला रे बार जोड़ा पैसेंजर दो़ जिरा़उ गे ताहेंना**

ट्रैक ञेलजोतो़न कामी ला़गित्, **मा़हित 10.11.2025 (ओ़तेमाहां) हिलोक् ञिन्दा़ 12.30 बजे खो़न सेताक् 05.00 बजे हा़बिच्** तीनपहाड़ स्टेशन सीमा़ रे **ट्रैफिक/पावर ब्लॉक** रेयाक् ला़कती ताहेंना। ओनाते, बार जोड़ा पैसेंजर ट्रेन, मेताक्मे **53482** आर **53484 राजमहल-तीनपहाड़ पैसेंजर ट्रेन** आर **53481** आर **53483 तीनपहाड़-राजमहल पैसेंजर ट्रेन दो़ मा़हित** 10.11.2025 **हिलोक् जिरा़उ गे ताहेंना।** ओ़सुबिता ला़गित् दुक मेनाक्आ।

**मंडल रेल प्रबंधक, मालदा**

पूर्व रेलवे

नों़डे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## साहिबगंज के राधानगर के युवक का मुंबई में चाकू मारकर हत्या



संताल एक्सप्रेस संवाददाता उधवा- मुंबई के गोवंडी थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात राधानगर थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी निवासी मीर कासिम नदाब उम्र 22 वर्ष की अज्ञात लोगों ने चाकू मारकर हत्या कर दी. जानकारी के अनुसार मीर कासिम मुंबई स्थित गोवंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत नारियल का थोक व्यापारी के रूप में काम करता था.परिजनों ने बताया कि गुरुवार अहले सुबह 5 बजे हॉकर लोग नारियल लेने पहुंचा तो देखा कि रुम के बाहर मीर कासिम मृत अवस्था में गिरा हुआ है. उसके पेट तथा गले में तेज धार दार हथियार से हमला किया गया है.जिससे उसकी मौत हो गई है. चर्चा यह भी है कि बुधवार देर रात उन्हें कोई फोन कर रुम के बाहर बुलाकर हत्या के वारदात को अंजाम दिया है.घटनास्थल से मीर कासिम का टूटा हुआ मोबाइल मिला है.परिजनों ने बताया कि तीन माह पूर्व वह घर से मुंबई गया था. जहां नारियल का थोक व्यापारी का काम करता था. समाचार लिखे जाने तक शव को घर लाने का प्रक्रिया चल रहा था.

## हवा बारिश से चांदीपुर का मेला प्रभावित,



बरहरवा - नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत चांदीपुर गांव में मां जगधत्री की पूजा धूमधाम से की जा रही है.पूजा के साथ ही गांव में प्रति वर्ष की तरह इस बार भी भव्य मेले का आयोजन किया गया है. श्रद्धालु दूर-दूर से मां के दर्शन और मेले का आनंद लेने पहुंच रहे हैं.हालांकि बीते दो दिनों से लगातार चल रही तेज हवा और हल्की बारिश ने मेले की रौनक फीकी कर दी है. मौसम के असर से कई पंडाल और दुकानें उखड़ गए. जिससे श्रद्धालुओं और दुकानदारों दोनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. खराब मौसम के बावजूद श्रद्धालु मां जगधात्री के दर्शन के लिए श्रद्धा और आस्था के साथ पहुंच रहे हैं. समिति के सदस्यों ने क्षतिग्रस्त पंडालों की मरम्मत कर मेला व्यवस्था को पुनः सुचारु करने की पहल की है.

### Office of the Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Division, Sahibganj

**e-Procurement Notice(1ST Call)**
**Very-Very Short Term Tender**
**Tender Reference No.- DWSD/SAHIBGANJ-13/2025-26 (e-Tender)**
**Date- 18.10.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Department Name : | Drinking Water & Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi. |
| 2 | Name & Address of the Office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Sahibganj |
| 3 | Date of Publication of Tender/Time on Website : | 31.10.2025 /05 : 00 PM |
| 4 | Last date /Time for receipt of Bid | 10.11.2025/05 : 00 PM |
| 5 | Last date/ time of Online submission of Earnest Money and Cost of BOQ (As per Letter No.-120, dated-03.10.2023 of Secretary to Govt., Information Technology & e-Governance Department, Govt. of Jharkhand) | 10.11.2025/05 : 00 PM |
| 6 | Date of Opening of Tender /Time: | 11.11.2025/ 05 : 00 PM |
| 7 | Name & Address of Tender Opening Officer : | Executive Engineer, D. W. & S. Div., Sahibganj. |
| 8 | Contact no. of Procurement Office : | 9264195681 |
| 9 | Help line No. of e-procurement cell : | 9264195681 |

**Name of Work** :- Shifting of 125/115 mm dia. x 105 Mtr. (Avg.) depth drilled T/Wells complete with installation of IM -II Hand Pump , 5000 liters capacity HDPE water storage tank & Installation Solar Motor Pump of 1.00 H.P. for which is located besides panchayat - Simaldhab, Barbandh, Hiranpur & Simra road (Dumka Sahibganj SH-18) under D.W.& S.Division, Sahibganj in the Year 2025 -26 on tunr key basis. (Deposit Head)

| Sl.No. | Group No. | Block | Estimated Cost (in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | SVS-01 | BARHAIT | 1670161.00 | 33500.00 | 5000.00 | 90 days |
| 2 | SVS-02 | BARHAIT | 1670161.00 | 33500.00 | 5000.00 | 90 days |

- No Claim shall be entertained because of disruption of internet service being used by the bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snags.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
- Estimated cost may be increase or decrease

Executive Engineer
D.W. & S. Division, Sahibganj.

PR.NO.364879 Drinking Water and Sanitation(25-26):D

### Office of the Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Sahibganj

**Very-Very Short Term Tender e-Procurement Notice (13th Call)**

e-Tender Reference No. :- **DWSD/SAHIBGANJ- 15/2025-26** Date- 18.10.2025

| Sl. No. | Name of work | Group No. | No. of Schemes | Block | Panchayat | Village | Habitations | PVTGs HH in Habitation | Estimated Cost (In Rs.) | Earnest Money (In Rs.) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | Construction of Solar Motor Pump based Mini Water Supply Scheme in PvTG village having no drinking water facilites in Sahibganj District under PM-JANMAN Yojna under D.W&S. Division Sahibganj for the year 2025-26. | PVTG-160 | 1 | Taljhari | Karanpura | Kagbhitha | Kagbhitha | 20 | ₹ 1238660.00 | ₹ 24,900.00 | ₹ 2,500.00 | 3 Month |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date & Time of Publication of Tender on website | 31.10.2025/ 05:00 P.M |
| 3 | Last Date & Time for receipt of Bid | 10.11.2025/ 05:00 P.M |
| 4 | Last date/ time of Online submission of Earnest Money and Cost of BOQ (As per Letter No.-120, dated-03.10.2023 of Secretary to Govt., Information Technology & e-Governance Department, Govt. of Jharkhand) | 10.11.2025/ 05:00 PM |
| 5 | Date & Time of Opening of Tender | 11.11.2025 / 05:00 PM |
| 6 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Sahibganj, Jharkhand |
| 7 | Name & address of Opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Sahibganj, Jharkhand |
| 8 | Contact No. of Procurement Office | 9264195681 |
| 9 | Helpline No. of e-procurement cell | 9264195681 |

Note :-No Claim shall be entertained because of disruption of internet service being used by the bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snags.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
Estimated cost may be increase or decrease.

Executive Engineer,
D.W.&.S, Division, Sahibganj

PR 364881 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D

## गंगा घाट किनारे से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद



संताल एक्सप्रेस संवाददाता
राजमहल- थाना क्षेत्र के काली घाट गंगा नदी से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ. लोगों ने गंगा किनारे शव को देखते ही पुलिस को इसकी सूचना दी. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची. शव की हालत काफी खराब होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी. थाना प्रभारी हसनैन अंसारी के नेतृत्व में पुलिस बल शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लेकर आई. काफी दिनों का शव होने के कारण शव की शिनाख्त नही हो पा रहा है.पुलिस जांच जांच में जुटी है.

## रिमझिम बारिश से सड़क हुआ तालाब में तब्दील,आमजन परेशान



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** राजमहल- राजमहल अनुमंडल क्षेत्र में दो दिनों से हो रही रिमझिम बारिश के कारण मौसम सुहाना हो गया.साथ ही ठंड बढ़ने लगा है. बुधवार संध्या से हो रही बारिश के कारण नगर क्षेत्र के कई सड़क कीचड़मय हो गया है. साथ ही सड़क तालाब में तब्दील हो गया. मिली जानकारी के अनुसार राजमहल नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर सात स्थित रविवार हटिया, हाटपाड़ा की सड़क तालाब में तब्दील हो गया है. देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे मानो एक के बाद एक कई तालाब बना हुआ है. परंतु यह तालाब नहीं राजमहल नगर पंचायत का सड़क है. और इसी सड़क से प्रत्येक दिन सैकड़ो मोटरसाइकिल, ई रिक्शा एवं आमलोगों का आना-जाना होता हैं. यह वार्ड नंबर सात एवं वार्ड नंबर आठ हाटपाड़ा का बाजार, अस्पताल जाने के लिए एक मात्र मुख्य सड़क है. इस संबंध में वार्ड नंबर 7 के वार्ड पार्षद आशुतोष विश्वास ने बताया कि इस तालाबनुमा सड़क के लिए नगर पंचायत को कई महीने पूर्व ही आवेदन दिया गया था. ताकि सड़क का मरम्मत एवं जिर्णोद्धार किया जाए. बरसों पहले सिवरेज पाइप लाइन बिछाने के दौरान ही सड़क क्षतिग्रस्त हुई थी. बारिश होते ही सड़क तालाब में तब्दील हो जाता है. जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को परेशानी होती है. आयें दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है.

## खाटूधाम के लिए चार नवंबर को भक्तों का जत्था होगा रवाना

रांची । केशव कृपा छाया फाउंडेशन के तत्वावधान में आगामी चार नवंबर को भक्तों का एक जत्था खाटू श्याम धाम की पवित्र यात्रा पर रवाना होगा। यह यात्रा भक्ति, श्रद्धा और समर्पण के भाव के साथ नौ नवंबर तक चलेगी। यह जानकारी फाउंडेशन की सदस्य मीरा अग्रवाल ने गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

## विधिक जागरूकता शिविर में लोगों को दी गई कानूनी जानकारी

साहिबगंज - उधवा प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को विधिक जागरूकता अभियान के तहत् एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में अधिवक्ता राज सिंह और दीपेश आनंद सहित विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी.अधिवक्ताओं ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियां जैसे दहेज प्रथा, बाल विवाह, बाल मजदूरी, डायन प्रथा, अंधविश्वास, महिला उत्पीड़न कानूनन अपराध हैं.इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रावधान है.साथ ही उन्होंने अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण कानून, संपत्ति विवाद, चोरी-डकैती जैसे विषयों पर भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी. कार्यक्रम में प्रखंड पंचायतराज पदाधिकारी जनकदेव यादव, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रियरंजन, प्रधान सहायक अरुण गुप्ता, प्रखंड नाजिर बाबू चंद रजक, सहायक राम लखन राम, मुखिया प्रतिनिधि ताजेरुल हक और फिरोज जी मुख्य रूप से उपस्थित थे. बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष के अलावे आवास एवं पेंशन योजना के लाभुक भी कार्यक्रम में शामिल हुए. विधिक टीम ने उपस्थित लोगों से कानून की जानकारी फैलाने और किसी भी प्रकार के अन्याय या अपराध की स्थिति में कानूनी सहायता लेने की अपील की.

## बीडीओ ने की बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ बैठक

मंडरो- मंडरो प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को बीडीओ मेधनाथ उरांव की अध्यक्षता में बीएलओ , पर्यवेक्षक व नोडल पदाधिकारी के साथ निर्वाचन विशेष मतदाता पूर्णनिरीक्षण पुनरीक्षण से संबंधित बैठक हुई. बैठक में प्रखंड के सभी बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक एवं नोडल पदाधिकारी को मतदाताओं का विशेष मतदाता पूर्णनिरीक्षण कैसे करना है के संबंध में जानकारी की गई. 2003 के मतदाता सूची से 2025 के मतदाता सूची का मैपिंग के आधार मतदाताओं के संबंध में बताया गया. बैठक में मतदाता गहन पूर्णनिरीक्षण कार्यक्रम के कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया. मौके पर बीएलओ पर्यवेक्षक शषि शेखर,निहाल आलम, शौरव कुमार, हेमंत कुमार, विनोद कुमार, संतोष कुमार के अलावे लावे बीएलओ चंद्रकांत ठाकुर, सुहागिनी हांसदा, प्रशांत कुमार मंडल सहित कई बीएलओ उपस्थित थे.**बीडीओ ने की आवास योजना की समीक्षा बैठक**मंडरो-मंडरो प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को बीडीओ मेधनाथ उरांव की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी पंचायत के आवास प्रभारी के साथ आवास योजना की समीक्षात्मक बैठक हुई. बैठक में बीडीओ ने उपस्थित सभी आवास प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा की जिस लाभुको को तीसरा किस्त भुगतान कर दिया गया है. वैसे लाभुक को 15 नवंबर तक आवास निर्माण कार्य पूर्ण करवा ले. नहीं तो इसकी सारी जवाबदेही पंचायत के आवास प्रभारी की होगी. मौके पर प्रभारी पंचायत सचिव रमेश कुमार,निकोलस मरांडी,संतोष कुमार पंडित,विजय कुमार मंडल सहित पंचायत के कई आवास प्रभारी बैठक में उपस्थित थे.

### Office of the Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Division, Sahibganj

**e-Procurement Notice(1ST Call) Very-Very Short Term Tender**
**Tender Reference No.- DWSD/SAHIBGANJ-12/2025-26 (e-Tender)** Date- 18.10.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Department Name : | Drinking Water & Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi. |
| 2 | Name & Address of the Office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Sahibganj |
| 3 | Date of Publication of Tender/Time on Website : | 31.10.2025 /05 : 00 PM |
| 4 | Last date /Time for receipt of Bid | 10.11.2025/05 : 00 PM |
| 5 | Last date/ time of Online submission of Earnest Money and Cost of BOQ (As per Letter No.-120, dated-03.10.2023 of Secretary to Govt., Information Technology & e-Governance Department, Govt. of Jharkhand) | 10.11.2025/05 : 00 PM |
| 6 | Date of Opening of Tender /Time: | 11.11.2025/ 05 : 00 PM |
| 7 | Name & Address of Tender Opening Officer : | Executive Engineer, DW&S Div., Sahibganj. |
| 8 | Contact no. of Procurement Office : | 9264195681 |
| 9 | Help line No. of e-procurement cell : | 9264195681 |

Name of Work :- Shifting of 125/115 mm dia. x 105 Mtr. (Avg.) depth drilled T/Wells complete with installation of IM-II Hand Pump with Platform and drain in the District of Sahibganj under D.W.& S.Division, Sahibganj in the Year 2025 -26. (Deposit Head)

| Sl.No. | Group No. | Block | Estimated Cost (in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | DT-01 | BARHAIT | 2203375.00 | 44100.00 | 5000.00 | 30 days |

- No Claim shall be entertained because of disruption of internet service being used by the bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snags.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
- Estimated cost may be increase or decrease.

Executive Engineer
D.W. & S. Division, Sahibganj

PR 364878 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहेबगंज

**अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या : **RDSpl/SAHIBGANJ/15/2025-26**

| क्र0/ ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | निविदा शुल्क (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | साहेबगंज जिला के बोरियो प्रखण्ड अंतर्गत मध्य विद्यालय पुलिस लाईन में विद्यार्थियों के सुरक्षा के दृष्टिकोण से चहारदिवारी एवं स्वच्छता के दृष्टिकोण से नाली निर्माण तथा अन्य कार्य। | 22,03,130.00 | 5,000.00 | 44,100.00 | 6 माह |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 03.11.2025
2. ई0–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 11.11.2025 को 5.00PM बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 13.11.2025 को 2.00PM बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी। निविदा शुल्क की राशि किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं की जाएगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

नोट : विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहेबगंज।

PR.NO.364860 Rural Development(25-26):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल, दुमका शिविर-देवघर

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

e-Tender Reference No. : W.R.D./M.I.D.D.D.C.DEOGHAR/F$_2$-04/2025-26 (2nd Call) Dated :- 30/10/2025

| क्रम सं० | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नम्बर | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1. | झुमरबाद बाँध का जीर्णोद्धार। | देवीपुर | 54,13,529.47 | 1,10,000.00 | 10,000.00 | 04/11/2025 (पूर्वाह्न 10.30 बजे से) | 13/11/2025 (अपराह्न 05.00 बजे तक) | 14/11/2025 (अपराह्न 05.00 बजे) | कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल दुमका शिविर देवघर | 7257990512 10 A.M से 5 P.M | 10 माह |
| 2. | मंडारो खास बाँध का जीर्णोद्धार। | देवीपुर | 59,50,822.81 | 1,20,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 10 माह |
| 3. | फुलकारी बाँध का जीर्णोद्धार। | देवीपुर | 57,93,925.61 | 1,16,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 10 माह |
| 4. | बसवरिया नवका आहर का जीर्णोद्धार। | देवीपुर | 35,55,940.70 | 72,000.00 | 5,000.00 | | | | | | 10 माह |
| 5. | बियाहीगढ़ा आहर का जीर्णोद्धार। | मधुपुर | 63,45,288.47 | 1,27,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 10 माह |
| 6. | कुरमीडीह बड़ा मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार। | मधुपुर | 1,33,70,700.00 | 2,68,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 11 माह |
| 7. | लखीबाजार मकबँधा बाँध का जीर्णोद्धार। | मधुपुर | 55,10,950.72 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 10 माह |
| 8. | बिल्ली मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार। | मधुपुर | 51,63,785.67 | 1,04,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 10 माह |
| 9. | बभनडीहा मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार। | मधुपुर | 48,18,828.79 | 97,000.00 | 5,000.00 | | | | | | 10 माह |
| 10. | मिसरना जोगिया बाँध का जीर्णोद्धार। | मधुपुर | 41,25,223.16 | 83,000.00 | 5,000.00 | | | | | | 10 माह |
| 11. | बेला मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार। | मधुपुर | 50,41,753.00 | 1,01,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 10 माह |
| 12. | दोहरी बाँध का जीर्णोद्धार। | देवघर | 54,76,984.77 | 1,10,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 10 माह |
| 13. | टेहुनिया मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार। | देवघर | 1,08,51,000.00 | 2,18,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 11 माह |
| 14. | नचनियाँ अम्बा खास बाँध मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार। | सारठ | 1,43,65,900.00 | 2,88,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही सम्बन्धित निविदादाता की होगी।
(4) प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in में लॉग ऑन करें।

कार्यपालक अभियन्ता
लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल
दुमका शिविर–देवघर

PR 364847 Water Resource (25-26)_D

# डीसी ने की सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

एजेंसी

**दुमका ।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने पिछली बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



उपायुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जो भी वाहन सरिया लेकर चलते हैं, उनके सरिया के अंतिम छोर पर लाल कपड़ा अवश्य बंधा हो, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। उपायुक्त ने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि यदि कोई वाहन बिना लाल कपड़े के सरिया लेकर चलता पाया जाता है, तो ऐसे वाहनों को तत्काल जब्त किया जाए। बैठक में उपायुक्त ने दुमका-पाकुड़ मुख्य मार्ग एवं पुसारो से फूलो-झानो चौक तक क्षतिग्रस्त सड़क को शीघ्र दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों एवं ब्लाइंड टर्न्स पर कन्वैक्स मिरर लगाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी प्रमुख सड़कों पर बने पोर्ट होल्स (गड्ढों) को चिन्हित कर उनकी मरम्मत कराई जाए। उपायुक्त ने हिट एंड रन मामलों की समीक्षा करते हुए सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि आवश्यक जांच एवं प्रक्रिया पूरी कर आवेदन अनुमंडल पदाधिकारी को भेजें।

बैठक में यह जानकारी दी गई कि वाहन जांच अभियान के माध्यम से सितंबर माह में कुल 15 लाख 43 हजार रुपए का राजस्व संकलित किया गया है।

## विभिन्न योजनाओं व विद्यालयों का डीसी ने किया निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने गुरुवार को रामगढ़ प्रखंड के महुबना पंचायत का भ्रमण कर पंचायत भवन, आवास योजना, आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुबना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने अनुपस्थित रोजगार सेवक का मानदेय अगले आदेश तक स्थगित रखने का निर्देश दिया। साथ ही, प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़ को मुख्य पथ से आयुष्मान आरोग्य मंदिर होते हुए उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुबना तक पीसीसी सड़क निर्माण कराने का निर्देश दिया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा पेयजल आपूर्ति संबंधी शिकायत पर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को जलमीनार से पेयजल आपूर्ति नहीं होने के मामले में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। वहीं महुबना चौक के पास स्थित जर्जर भवन की मरम्मति के लिए संबंधित विभाग को पहल करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने राजकीय बुनियादी उच्च विद्यालय कड़बिंदा एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुबना में बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन हेतु प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि विद्यालयों में मास्टर चार्ट बनाकर बच्चों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं पाठ्यक्रमों की जानकारी दी जाए।

# कुल्हाड़ी और डंडा से पिता की हत्या करने वाला बेटा गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**सरैयाहाट।** पुलिस ने सिर्फ 24 घंटे के अंदर अपने पिता के हत्यारे बेटे को गिरफ्तार कर लिया7 समाचार लिखे जाने तक कातिल बेटे को जेल भेजने की प्रक्रिया को अंजाम दिया जा रहा था7 बीते मंगलवार 29 अक्टूबर को सरैयाहाट थाना प्रभारी को सूचना मिली कि विशनपुर गांव के संथाली टोला में एक बेटे ने अपने पिता की मार-पीट कर हत्या कर दी हैं। इस आशय का सनहा दर्ज कर वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया7 तत्पश्चात पु0अ0नि0 सह थाना प्रभारी सरैयाहाट राजेन्द्र यादव एवं पु0अ0नि0 विकेश कुमार मेहरा सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचने पर देखा कि पुतीराम हाँसदा, पिता- स्वर्गीय विजद हाँसदा अपने आँगन में मृत अवस्था में खून से लथपथ



पड़ा हुआ है। मौका-ए-वारदात पर उपस्थित उनके परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि मृतक के लड़के ने ही अपने पिता की मार-पीट कर हत्या कर दी हैं। सभी कागजात तैयार कर शव को पोस्टमार्टम को दुमका भेजा गया एवं पुलिस बल के सहयोग से अभियुक्त की खोज बीन शुरू कर दी गई, लेकिन अभियुक्त नहीं मिला।

उन्होंने बताया कि पुनः थाना आकर वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर छापामारी टीम का गठन किया एवं छापामारी टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त जीतन हांसदा, उम्र करीब 31 वर्ष पिता स्वर्गीय पुतीराम हांसदा, ग्राम-विशनपुर (संथाली टोला), थाना- सरैयाहाट, जिला- दुमका को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा हैं।

---------------------

**थाना प्रभारी ने क्या कहा**

थाना प्रभारी ने कहा कि हत्या में प्रयुक्त एक खून लगा बांस का डंडा लम्बाई करीब 02 फीट, एक खून लगा लोहे का दबिया (दाब), घटना के समय अभियुक्त द्वारा पहनी हुई टीशर्ट बरामद की गई है7 इसके अलावा साक्ष्य हेतु घटना स्थल से कॉटन से लिया गया खून का धब्बा, घटना स्थल से खून लगा मिट्टी एवं घटना स्थल के पास से बिना खुन लगा मिट्टी संग्रहित की गई है।

## नशे में धुत बेटे ने अपनी ही मां पर किया चाकू से वारकर घायल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**गोपीकांदर ।** थाना क्षेत्र के मधुबन आदिवासी टोला में नशे में धुत बेटे ने अपनी ही मां पर चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. घायल महिला मुन्नी सोरेन मूसना पंचायत के दीघा गांव में अपनी बेटी के ससुराल आयी थीं. जानकारी के अनुसार, दूसरे दिन बेटा भी अपनी मां से मिलने दीघा गांव पहुंच गया. उस समय वह अधिक नशे में था. घर लौटने के लिए मां से 500 रुपये की मांग कर रहा था. पैसे नहीं देने पर आरोपी बेटे ने गुस्से में आकर मां के पेट में चाकू से वार कर दिया. वार इतना तेज था कि मुन्नी सोरेन लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ीं. घटना की जानकारी मिलते ही बेटी सुमित्रा सोरेन ने तत्काल प्राइवेट वाहन की व्यवस्था कर घायल मां को गोपीकांदर सीएचसी पहुंचाया. वहां मौजूद चिकित्सक डॉ रवि शंकर ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दुमका के पीजेएमसीएच रेफर कर दिया. सुमित्रा सोरेन ने बताया कि पहले मां का इलाज कराया जा रहा है. स्वस्थ होने के बाद लिखित शिकायत थाने में दी जायेगी.

## 151 कलश यात्रा के साथ कार्तिक स्नान उद्यापन कार्यक्रम का शुभारंभ

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मसलिया।** मसलिया प्रखंड के गुमरो पंचायत अंतर्गत पोखरिया गांव में गुरुवार को कार्तिक स्नान उद्यापन के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह आयोजन पिछले 12 वर्षों से निरंतर कार्तिक स्नान एवं भगवान के ध्यान साधना कर रही आशा देवी के संकल्प का परिणाम है। उनके पुत्र एवं मुख्य यजमान अजय झा ने बताया कि इस बार कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर उद्यापन विधिवत रूप से संपन्न किया जाएगा। इस अवसर पर 151 कुंवारी कन्याओं एवं साध्वी महिलाओं ने दूधी तालाब से जल भरकर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित सुबोध चंद्र झा के सान्निध्य में कलश पूजन किया। तत्पश्चात जय श्री राम, हर हर महादेव, धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो के जयघोष के साथ कलश यात्रा दो



किलोमीटर दूर तक निकाली गई। यात्रा बाबा दुवे मंदिर, माता काली मंदिर और बजरंगबली मंदिर का परिक्रमा करते हुए कथा स्थल तक पहुंची, जहां कलशों की विधिवत स्थापना की गई। भक्ति संगीत, भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में डूब गया। आयोजन समिति ने बताया कि इस अवसर पर साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भी किया गया है, जिसमें बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर से पधारे प्रसिद्ध कथा व्यास लालू पंडित सात दिनों तक भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का संगीतमय वर्णन करेंगे।

इस भव्य आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे और अध्यात्म एवं भक्ति में लीन होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## अक्षय नवमी पर श्रद्धालुओं ने की आंवला वृक्ष की पूजा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**जरमुंडी ।** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अक्षय नवमी तिथि के उपलक्ष्य पर गुरूवार को बासुकीनाथ धाम सहित पूरे जरमुंडी प्रखंड में श्रद्धा और उल्लास के साथ सनातन धर्मावलंबियों ने धात्री-आंवला वृक्ष का पूजन किया। अक्षय नवमी पर आंवला वृक्ष की विधिवत पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने आंवला वृक्ष के नीचे ब्राह्मणों को भोजन कराकर यथाशक्ति दान-दक्षिणा दी। विधिसम्मत पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने अपने सगे संबंधियों के साथ प्रसाद ग्रहण भी किया। बासुकीनाथ धाम के तीर्थ पुरोहित सुधाकर झा ने बताया कि अक्षय नवमी के दिन किया गया पुण्य कर्म और दान, अक्षय हो जाता है। शास्त्रों में वर्णित है कि इस तिथि को किए गए दान-धर्म के पुण्यों का कभी क्षय नहीं होता। इसलिए इसे अक्षय नवमी कहा जाता है। स्वजनों और



स्वयं का कल्याण चाहनेवाले श्रद्धालु, अक्षय पुण्य अर्जित करने के लिए भगवान नारायण और धात्री (आंवला) वृक्ष का पूजन किया। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न स्थानों में लोगों ने आंवला वृक्ष के नीचे खाना पकाकर पहले ब्राह्मणों को भोजन कराया और फिर स्वयं भी स्वजनों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। मान्यता है कि भगवान विष्णु को चावल नहीं चढ़ाया जाता।

### एक जोड़ा बैल की चोरी, पीड़ित पहुंचा थाना

**दुमका।** एक व्यक्ति ने मवेशी चोरी की घटना के संबंध में अपने दो बैल खो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए मुफस्सिल पुलिस थाने में बुधवार को शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में यह बताया गया है कि चोर देर रात चोरी को अंजाम देने वाले घरों को चिन्हित कर वारदात को अंजाम देतें हैं। अपराधी जिस घर में चोरी करते हैं उसे बाहर से बंद कर देते हैं जिससे कि वह निकल नहीं पाए। ऐसी ही घटना शहर के मुफस्सिल थाना के जामकांदर, राजबांध में चोरों ने बैल चोरी की घटना को अंजाम दिया है ।

### बंगाली समिति ने जगधात्री पूजा का किया आयोजन

**दुमका।** के श्रीराम पाड़ा स्थित केबी वाटिका में झारखंड बंगाली समिति की दुमका जिला शाखा द्वारा जगधात्री पूजा का आयोजन किया गया। इसके लिए गुरुवार को सुबह 9 बजे के करीब मंगल घट भरकर शोभा यात्रा के साथ महिलाओं द्वारा केबी वाटिका लाया गया।

### खूंटाबांध छठ पूजा समिति ने फेसबुक पोस्ट पर जताई आपत्ति, नगर थाने में दिया आवेदन

**दुमका।** खूंटाबांध छठपूजा समिति के सदस्य नगर थाना पहुंचे और नगर थाना प्रभारी को एक आवेदन दिया। खूंटा बांध छठ पूजा समिति के उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह द्वारा दिए गए आवेदन में लिखा गया है कि बुधवार की रात्रि मोहम्मद इमरान हैदर



के फेसबुक आईडी से हिंदुओं के महापर्व छठ पर अभद्र पोस्ट किया गया है। जिससे समिति के सदस्य और हिंदू संप्रदाय काफी आहत हैं। मामले की जांच करते हुए दोषी के खिलाफ कठोर कार्यवाई की मांग की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर थाना के पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर तमाम बिंदुओं पर जांच कर रही है। अभी अनुसंधान जारी है।

### ट्रक और ट्रेलर के बीच भिड़ंत, एक की मौत

**शिकारीपाड़ा (दुमका) ।** गुरुवार की सुबह शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नांगलभंगा के पास एलपी ट्रक और ट्रेलर के बीच आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी की मौके पर ही एलपी ट्रक के चालक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेलर गिट्टी लेकर सरसडंगाल की ओर से दुमका की ओर जा रहा था और एलपी ट्रक विपरित दिशा से आ रहा था कि नांगल भांगा के पास दोनों वाहनों की आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतना भयंकर था कि एलपी ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया जिसमे चालक को गंभीर चोटें आई और वह केबिन में फंस गया। बाद में मौके पर पहुंचे लोगों ने बहुत मशक्कत कर चालक को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### मायूराक्षी नदी घाट से बालू लदा ट्रक जब्त

**दुमका।** रानीश्वर थाना के प्रभारी अधिकारी बलराम कुमार सिंह ने बुधवार की रात मायूराक्षी नदी के दिगुलिया घाट से बालू लदा एक ट्रक जब्त किया। साथ ही अवैध रूप से बालू उत्खनन के कार्य में इस्तेमाल की जा रही एक जेसीबी मशीन को नदी तट पर स्थानीय चौकीदार के जिम्मे सौंप दिया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी को उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। मायूराक्षी नदी से लगातार अवैध रूप से बालू उत्खनन होने के कारण नदी की गहराई और प्रवाह बाधित हो रहा है।

### एमजी कॉलेज में सरदार पटेल की मनी जयंती

**रानीश्वर ( दुमका ) ।** गुरुवार को मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1,3,5 की ओर से सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के पूर्व अवसर पर आज प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर नवकुमार पाल की अध्यक्षता मे प्रभारी



प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी तथा, वालंटियर्स के बीच शपथ दिलाई गई द्य इस अवसर पर इकाई 1 कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अवर्णा राय, इकाई 3 कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रूपम कुमारी, इकाई 5 कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर आशीष कुमार मंडल, सहित सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी सहित सभी वालंटियर्स सुस्मिता पाल, तानिया खातून, फालूजा खातून, लुखी हांसदा, मोनी कुर्मी, प्रदीप हेमब्रम, आदि सभी उपस्थित रहे।

## बासुकीनाथ मंदिर गर्भगृह में चेन उड़ाते महिला धरायी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**जरमुंडी ।** बासुकीनाथ मंदिर में गुरुवार को अक्षय नवमी के अवसर पर उमड़ी भीड़ का फायदा उठाते हुए एक श्रद्धालु महिला के गले से सोने का चेन उड़ाते हुए रंगे हाथों एक महिला धरी गयी। आरोपी महिला के पास से टूटे हुए चेन के टुकड़े भी बरामद हुए हैं। आरोपी महिला मुगलसराय की रहने वाली है। वह बार-बार अपना नाम और पता बदल रही है। मंदिर कर्मियों की सूचना पर जरमुंडी थाना पुलिस उसे अपने साथ ले गई है। घटना को लेकर बिहार के औरंगाबाद से आए श्रद्धालुओं के एक दल ने बताया कि वह अपने परिवार के महिला व पुरुष सदस्यों के साथ बाबा मंदिर में पूजा अर्चना कर रहे थे। इस दौरान



आरोपी महिला ने उसके परिवार के एक महिला सदस्य के गले में पहना सोने का चेन उड़ा लिया। जिस महिला के गले से चेन गायब हुए उसे चेन कटने के आभास होने पर उसके द्वारा हो -हल्ला करने पर घरवालों ने स्थानीय पंडा- पुरोहितों की मदद से आरोपी महिला को धर-दबोचा गया एवं पहले मंदिर प्रबंधन व बाद में जरमुंडी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

## दुमका के विभिन्न गौशालाओं में की गई गौ माता की पूजा अर्चना

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** गोपाष्टमी पर विश्व हिंदू परिषद् दुमका की ओर से गुरुवार को भारतीय गौवंश रक्षण संवर्धन परिषद के बैनर तले जिले के विभिन्न गौशालाओं में गौ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अवसर पर गौ माता की पूजा अर्चना की गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित देवघर विभाग मंत्री संजय जी ने बताया कि भारतीय गोवंश किस प्रकार से हमारे लिए पूजनीय है इसका धार्मिक कारण और साथ में वैज्ञानिक कारण



भी है।

उन्होंने आज के समय में विलुप्त होती जा रही भारतीय गोवंश के रक्षण और संवर्धन के विषय पर भी चर्चा की। कहा कि भारतीय गौवंश में हमारी गौ माता हमें पंचगव्य प्रदान करती है जो हमारे जीवन में ऊर्जा का संचार करती है।

# महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने को लेकर बीडीओ ने किया दीदी की दुकान का उद्घाटन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**गोपीकांदर।** महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित दीदी की दुकान पहल को आगे बढ़ाते हुए, गोपीकांदर प्रखंड के सुरजुडीह पंचायत अंतर्गत बड़ापाथर गांव में गुरुवार को दीदी की दुकान का उदघाट्न प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय प्रकाश मरांडी के द्वारा फीता काट कर व नारियल फोड़कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड मनरेगा सहायक अभियंता सलीम मरांडी, जेएसएलपीएस बीपीएम निरंजन तिवारी और प्रखंड आवास कोर्डिनेटर समीरण मंडल शामिल हुए,



जेएसएलपीएस समूह की महिलाओं के द्वारा बीडीओ विजय प्रकाश मरांडी, सहायक अभियंता सलीम मरांडी, बीपीएम निरंजन तिवारी और समीरण मंडल को फुल की माला और खजूर की पत्ता व फुलो से बना हुआ मुकुट पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर बीडीओं ने महिला उद्यमी पानमुनी मुर्मू को जेएसएलपीएस के माध्यम से 30,000 (तीस हजार रूपये) की वित्तीय सहायता ऋण प्रदान की। बीडीओ ने इस दौरान कहा कि

ऐसे सूक्ष्म उद्यम ग्रामीण महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। दीदी की दुकान, यह न केवल महिलाओं की आजीविका में वृद्धि कर रहे हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बीडीओं ने दीदी की दुकान के संचालन, उत्पादों की गुणवत्ता एवं विपणन की प्रक्रिया का गहन अवलोकन करते हुए महिलाओं को बेहतर प्रबंधन और विस्तार हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।




स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686